(a) whether his Ministry is considering setting up of a major research unit to find out alternative non-conventional raw materials for the production of paper, and

(b) if so, broad features thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY AND CIVIL SUPPLIES (SHRI B P MAURYA) (a) and (b) Government is planning to set up a Central Research and Development Institute for filling up the gap in the existing research and development programmes relating to pulp, paper and newsprint industries and coordinating these activities throughout the country Identification of non-conventional raw materials for manufacture of paper and newsprint and the development of the process know-how for the utilisation of the various raw materials would be some of the issues with which the Institute would concern itself

In the scheme tentatively worked out for the setting up of the Institute, it is proposed that it would be an autonomous organisation registered under the Societies Act The membership of the Institute would be open to all companies/corporate bodies engaged in the manufacture or otherwise interested in the development of paper pulp and newsprint and allied products The management of the Institute would vest with a Governing Council

A final decision regarding the setting up of this Institute is however, yet to be taken

The Government have also, with the assistance of the U N D P, taken up the project of 'Exploration & Identification of Alternative Raw Materials for Paper & Newsprint Industry' The objective of the project are as under·

A *Immediate objectives*:

1 To identify the cellulosic raw materials for industrial production

2 To upgrade research facilities at the Forest Research Institute Dehradun, and thereby develop improved technology in the field of cellulosic chemistry and paper manufacture, keeping in view both technical and economic aspects

3 To upgrade training facilities at the Institute of Paper Technology Saharanpur and to train counterpart staff in pulp and paper technology

B *Long range objectives*

1 To help achieve the targeted production of about 2 million tonnes of paper in the country by 1980

2 To identify by a critical study the various handicaps in making the best use of the available raw material resources and thus assist the Indian Paper Industry

The project is being executed by the Hindustan Paper Corporation Limited with the help of experts from the FAO

Annual Plan Outlay for Orissa for 1976-77

746 SHRI P GANGADEB
SHRI ARJUN SETHI

Will the Minister of PLANNING be pleased to state

(a) whether Planning Commission has approved an Annual Plan Outlay for Orissa for 1976-77,

(b) if so, the total outlay thereof;

(c) whether Orissa Government have asked for any additional schemes to be taken up during the year, and

(d) total amount proposed to be spent in each sector and the share of State Government therein?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING (SHRI I K GUJRAL) (a) and (b) A statement indicating the sectoral distribution of the approved outlay of Rs 124 67 crores for the State's Annual Plan 1976-77 is laid on the Table of the House [*Placed in Library See* No LT-10457/76]

(c) Since the finalisation of the State Annual Plan 1976-77, the State Government have forwarded a new proposal for the construction of a marine drive from Puri to Konarak costing Rs 1 20 crores which is under consideration in the Planning Commission in consultation with the concerned authorities

(d) Inclusive of Central Assistance of Rs 35 97 crores, the resources for finalising the approved Plan of Rs 124 67 crores have been assessed at Rs 87 40 crores There is thus a gap in resources of Rs 37 27 crores The Central Government will consult the State Government during the course of 1976-77 in order to devise ways and means of covering this gap According to the existing procedures the Central Assistance for financing the State Plans is given as block loan/grant and is not related to the allocations for individual sectors

साधारण व्यक्तियों की शिकायतो को दूर करने के बारे में हिदायतें

747. श्री मूल चन्द डागा : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने समय-समय पर ऐसी हिदायतें जारी की हैं कि साधारण

लोगों द्वारा छोटे-छोटे स्तर पर की गई शिकायतों का तुरन्त निराकरण किया जाये और यदि हां तो तत्सम्बन्धी मुख्य बातें क्या हैं तथा ये कब-कब जारी की गई; और

(ख) क्या वर्तमान आपात स्थिति के दौरान भी गरीब लोगों की सही शिकायतों को दूर नहीं किया जाता और यदि हां, तो इस सम्बन्ध मे सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

गृह मंत्रालय, कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग तथा संसदीय कार्य विभाग में राज्य मंत्री (श्री ओम मेहता) : (क) जी हां, श्रीमान् । एक विवरण सलग्न है ।

(ख) जी नही, श्रीमान् । जनता की सही शिकायतों पर समुचित कार्यवाही करने तथा उनके वास्तविक कष्टों के निवारण पर ध्यान देने के लिए सभी प्रयत्न किए जाते है ।

आपात स्थिति के बाद शिकायतें/कष्ट उत्पन्न करने वाले कारणों को यथासम्भव करने के उद्देश्य से अन्य बातों के साथ-साथ विभिन्न उपाय और किए गए/प्रारम्भ किए गए है, जो पहले जारी किए गए उन अनुदेशों के अतिरिक्त है जिनका उद्देश्य सरकारी प्रशासन को स्वच्छ बनाना एवं सुदृढ करना और नियमों, विनियमों तथा कार्य-विधियों को, विशेषकर 'सम्पर्क (कटिंग एज)' के स्तर पर, जहां जनता प्रशासन के सम्पर्क मे आती है, कारगर बनाना है ।

विवरण

1964 में "शिकायत पंजिकाएं" रखे जाने के लिए अनुदेश जारी किए गए थे, जिनमें प्राप्त शिकायतों को इस बात की निगरानी रखने के लिए कि उनके सम्बन्ध में समुचित कार्यवाही की जाती है, दर्ज किया जा सकता था । 1966 में सार्वजनिक शिकायतों के आयुक्त के एक केन्द्रीकृत संस्थान की स्थापना की गई थी, जिसका उद्देश्य यह था कि आयुक्त के ध्यान मे लाई गई शिकायतों और कष्टों के समुचित निवारण के लिए सम्बन्धित मंत्रालयो और विभागों के साथ मामले को उठा कर उन पर कार्रवाई कराई जा सके और मोटे तौर से विभिन्न मंत्रालयों और विभागो मे सार्वजनिक शिकायतो से सम्बन्धित कार्य को निपटाने वाले अधिकारियो के कार्य में समन्वय स्थापित किया जा सके । 1974 मे प्रशासनिक सुधार आयोग की स्वीकृत सिफारिश के अनुसरण मे "शिकायत की किताब" के रखे जाने के लिए अनुदेश जारी किए गए थे, जिसमें कोई भी व्यक्ति, अपने कष्ट अथवा शिकायत को आवश्यक कार्रवाई के लिए दर्ज कर सकता है ।

नेशनल फायर सर्विस

748. **श्री मूल चन्द डागा** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार देश मे नेशनल फायर सर्विस को एक ही सगठनाधीन लाने और इस कार्य मे लगे विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय का सुनिश्चय करने का है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक ?

गृह मंत्रालय में उपमंत्री (श्री एफ० एच० मोहसीन) : (क) जी नही, श्रीमान् ।

(ख) प्रश्न नही उठता ।

Ancillary Units at Jamshedpur

749. **SARDAR SWARAN SINGH SOKHI**: Will the Minister of INDUSTRY AND CIVIL SUPPLIES be pleased to state:

(a) whether the ancillary units in Bihar, especially at Jamshedpur are

on the verge of closure due to the indifferent attitude of big industries situated there, both in private and public sectors, who do not buy their requirements from ancillary industries within the State;

(b) whether the private and public sector big industries purchase most of their requirements from outside the State at higher prices than the prevailing prices within the State; and

(c) if so, steps Government propose to take to save the ancillary industries?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY AND CIVIL SUPPLIES (SHRI A. P. SHARMA): (a) and (b). Information regarding purchases made by undertakings in the private sector from ancillary industries is not available. As regards public sector undertakings there are seven such undertakings in Bihar State and they obtain their requirements from small scale or ancillary units as the case may be. No reports have been received regarding purchases made by such undertakings at higher prices from outside Bihar. It is not correct that public sector units purchase most of their requirements from outside the State at higher prices compared to the prevailing prices within the State. However, small scale and ancillary units in Bihar are facing difficulties as orders are not placed on them by the large units on a continuous basis as they used to do before.

(c) Government have already issued comprehensive guide lines to all Central/public enterprises for the development of ancillary industries. An Expert Committee has been constituted to examine the position of ancillary industries for coal companies. The report from this group is awaited by the Government.

Office of SISI at Jamshedpur

750. SARDAR SWARAN SINGH SOKHI: Will the Minister of INDUSTRY AND CIVIL SUPPLIES be pleased to state:

(a) whether Government propose to open a full-fledged office of SISI at Jamshedpur, to help the small industries in the near future; and

(b) if so, the date by which it would start functioning?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY AND CIVIL SUPPLIES (SHRI A. P. SHARMA): (a) and (b). Keeping in view the further steps to be taken for the development of small scale and ancillary industries in the Chotta Nagpur Division including Jamshedpur, the Government have upgraded the Small Industries Service Institute Extension Centre at Ranchi to the level of a Branch Small Industries Service Institute since 1972-73. Further, it is proposed to upgrade the existing Small Industries Service Institute Extension Centre, Dhanbad to the status of a Branch Institute during the next financial year. These upgraded institutes would also provide the extension facilities to small industries in Jamshedpur. In view of present constraints on resources and the priorities for opening Extension Centres and Branch Institutes in other parts of the country, including backward areas, it is not proposed for the present to open a full-fledged Small Industries Service Institute at Jamshedpur. However, the setting up of a branch institute at Jamshedpur is under the consideration of Government.

Agreement with NASA for SITE Programme

751. SHRI SHASHI BHUSHAN: Will the Minister of SPACE be pleased to state:

(a) whether any agreement has since been signed with NASA for the

renewal of the agreement in respect of facilities granted by NASA for our SITE programme; and

(b) in case the renewal agreement has not been signed, how the Government propose to continue the SITE programme?

THE PRIME MINISTER, MINISTER OF PLANNING, MINISTER OF ATOMIC ENERGY, MINISTER OF ELECTRONICS AND MINISTER OF SPACE (SHRIMATI INDIRA GANDHI): (a) No, Sir.

(b) Continuity of television service to about 45 per cent of the SITE villages is planned through the establishment of six terrestrial TV transmitters, one for each of the six SITE clusters. SITE villages currently served by the SITE terrestrial transmitter at Pij village in the Nadiad District of Gujarat will continue to be served by the same.

Study of Tarapur Atomic Power Plant by Analyst of U.S. Atomic Energy Commission

752. SHRI HARI SINGH: Will the Minister of ATOMIC ENERGY be pleased to state:

(a) whether the Chairman of the Indian Atomic Energy Commission has recently offered to extend his co-operation to any analyst from the reconstituted U.S. Atomic Energy Commission in the study of the Tarapur Atomic Power Plant; and

(b) if so, the reaction of U.S. Atomic Energy Commission to it?

THE PRIME MINISTER, MINISTER OF PLANNING, MINISTER OF ATOMIC ENERGY, MINISTER OF ELECTRONICS AND MINISTER OF SPACE (SHRIMATI INDIRA GANDHI): (a) Yes, Sir.

(b) Chairman Anders of the U.S. Nuclear Regulatory Commission, has welcomed the offer.

Appointment of Watch-dog panels by the States for schemes sanctioned by the Rural Electrification Corporation

753. SHRI HARI SINGH: Will the Minister of ENERGY be pleased to state:

(a) whether Central Government have recently suggested to all State Governments to appoint watch-dog panels for the schemes sanctioned by the Rural Electrification Corporation; and

(b) if so, response to the States thereto?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF ENERGY (PROF. SIDDHESHWAR PRASAD): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

बोकाजन सीमेंट फैक्ट्री (आसाम)

754. **श्री हरी सिंह** : क्या **उद्योग और नागरिक पूर्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सीमेंट कारपोरेशन आफ इंडिया बोकाजन सीमेंट फैक्टरी (आसाम) बना रहा है ;

(ख) यदि हां, तो उसकी वर्तमान प्रगति क्या है; और

(ग) इस कारखाने में उत्पादन किस तारीख से आरम्भ हो जाने की आशा है ?

उद्योग और नागरिक पूर्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बी० पी० मौर्य) : (क) से (ग) : सीमेंट कारपोरेशन आफ इण्डिया लिमिटेड बोकाजन आसाम में 2 लाख मी० टन की वार्षिक क्षमता वाला एक सीमेंट संयंत्र स्थापित कर रहा है। संयंत्र में अक्तूबर 1976 तक वाणिज्यिक उत्पादन प्रारम्भ होने की संभावना है ।

प्रायोजना की विभिन्न मदों जिसमें संयंत्र और मशीनरी भी शामिल है हुई अब तक की प्रगति नीचे दी जा रही है।

1. प्रायोजनेतर भवन पूर्ण हो गये
2. बस्ती पूर्ण हो गई
3. जल प्रदाय योजना पूरी होने वाली है काम चल रहा है।
4. रेलवे साइडिंग आवश्यक रेलवे साइडिंग बिछाई गई है।
5. वैकरो–वैकरी (खान) का विकास हो रहा है काफी चूना उठा लिया गया है।
6 रज्जु मार्ग रज्जु मार्ग प्राप्त हो गया है और लगा दिया गया है।
7. क्रशर क्रशिंग सयंत्र (बिना जो क्रशर के) चालू हो गया है।
8. संयंत्र और मशीनरी अधिकांश मशीन और सयंत्र प्राप्त हो गये है। मशीन और सयंत्रों (प्रवस्था-1) का परीक्षण पूरा हो गया है। कुछ महत्वपूर्ण चीजे अभी आनी है पूरे सयंत्र के अक्तूबर, 1976 तक चालू होने की सभावना है। शेष कार्य को गतिपूर्वक पूरा किये जाने के लिए हर सभंव उपाय किया जा रहा है।

सरकारी कार्यों के लिए हिन्दी का प्रयोग

755. **श्री पन्नालाल बारूपाल** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हाल ही में इलाहाबाद में हुए हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अधिवेशन में सरकारी कार्यों में हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग करने के लिए केन्द्रीय सरकार को क्या सुझाव दिए गए हैं; और

(ख) सरकार ने इन सुझावों को क्रियान्वित करने के लिए क्या ठोस कार्यवाही की है?

गृह मंत्रालय, कार्मिक तथा प्रशासनिक सुधार विभाग तथा संसदीय कार्य विभाग में राज्य मंत्री (श्री ओम मेहता) :(क) हिन्दी साहित्य सम्मेलन से उनके द्वारा इलाहाबाद मे आयोजित सम्मेलन में दिये गये सुझावों के बारे में कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। परन्तु सम्मेलन में एक संकल्प पारित किया गया था जिसमें केन्द्र सरकार से एक पृथक मंत्रालय के गठन का अनुरोध किया गया है ताकि राज्यभाषा से सम्बन्धित कार्य का सही ढंग से समन्वय किया जा सके।

इसके अलावा, सम्मेलन में वक्ताओं द्वारा दिये गये कुछ महत्वपूर्ण सुझाव सक्षेप मे इस प्रकार है --

1 काफी सख्या मे कर्मचारी हिन्दी जानते है किन्तु वे अपने काम में इसका प्रयोग करने से झिझकते है। उन्हे हिन्दी का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने के उपाय किये जाने की आवश्यकता है।

2. हिन्दी मे प्रशिक्षित कर्मचारियो का उपयोग हिन्दी मे काम करने के लिए किया जाए।

3. सरकारी प्रयोजनो के लिए सरल तथा बोलचाल की भाषा प्रयोग की जानी चाहिए और भारतीय भाषाओं के शब्द जो साधारणतया हिन्दी में प्रयोग किये जाते है इस मे मिला देने चाहिए।

4. केन्द्रीय सरकार के कार्यालय में पर्याप्त संख्या में हिन्दी टाइप राइटर उपलब्ध कराये जाएं।

(ख) सरकार ने इस सम्मेलन के विशिष्ट संकल्प / सुझावों को कार्य रूप नही दिया है। परन्तु केन्द्रीय सरकार द्वारा इस सम्मेलन के संकल्प/ सुझावों में उल्लिखित विभिन्न मुद्दों के बारे से निम्नलिखित उपाय किए जा चुके हैं। राजभाषा सें सम्बन्धित कार्य की देखभाल के लिए गत वर्ष ही राजभाषा विभाग का पृथक् से गठन किया गया था।

हिन्दी जानने वाले कर्मचारियो मे हिन्दी मे काम करने के लिए विश्वास पैदा करने के विचार से केन्द्रीय सरकार के मत्रालयो / विभागो तथा अधीनस्थ कार्यालयों मे हिन्दी कार्यशालाओं का पहले ही आयोजन किया जा रहा है और उन्हे प्रोत्साहन देने की दृष्टि से एक प्रोत्साहन योजना भी आरम्भ की गई है।

यह बार-बार स्पष्ट किया गया है कि हिन्दी मे टिप्पणी तथा आलेखन मे सरल और बोल चाल की भाषा प्रयोग की जानी चाहिए और अंग्रजी अथवा उर्दू के शब्द जो साधारणतया प्रयोग किये जाते हैं वे यदि देव नागरी लिपि मे लिख जाने है तो कोई आपत्ति नही होगी ।

इसके अतिरिक्त 1975-76 वर्ष के लिए वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार सभी मत्रालयो / विभागो मे अपनी आवश्यकताओ के अनुसार हिन्दी टाइपराइटर खरीदने का अनुरोध किया गया है। परन्तु प्रत्येक कार्यालय में कम से कम एक टाइपराइटर अवश्य खरीदा जाना चाहिए ।

देवनागरी लिपि मे हिन्दी टाइपराइटरो के उत्पादन में वृद्धि करने के प्रयत्न किए जा रहे है। टाइपराइटर बनाने वाली चार कम्पनियो को भेजे गये आशय पत्रो में यह नियत किया गया है कि उन्हे अपने उत्पादन में 50 प्रतिशत टाइपराइट भारतीय लिपियों के बनाने होंगे।

चीन द्वारा प्रक्षेपास्त्रों (बालिस्टिक मिजाइलों) का निर्माण

756. श्री कमला मिश्र 'मधुकर' : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि चीन ने ऐसे प्रक्षेपास्त्रो का निर्माण किया है जिन से एशिया के किसी भी भाग पर परमाणु अस्त्रो से हमला किया जा सकता है,

(ख) क्या सरकार को यह भी पता है कि ऐसी मिसाइलों की गति 5000 किलोमीटर प्रति घंटा है, और

(ग) यदि हां, तो भारत की सुरक्षा के सम्बन्ध मे इस खतरे के प्रति क्या प्रतिक्रिया है ?

रक्षा मंत्री (श्री बंसी लाल) : (क से (ग) : समाचार पत्रो की रिपोर्ट के अनुसार चीनियो के पास कतिपय परास के प्रक्षेपास्त्र है और सूचना है कि लम्बे परासो के प्रक्षेपास्त्रो का विकास किया जा रहा है। इस सम्बन्ध मे ब्यौरों पर चर्चा करना लोकहित मे नही होगा ।

हमारे देश की सुरक्षा पर प्रभाव डालने वाली सभी गतिविधियो का हमारे रक्षा आयोजन मे विधिवत ध्यान रखा जाता है।

Public Sector Projects in Backward Areas of Maharashtra and Vidarbha

757 SHRI VASANT SATHE: Will the Minister of INDUSTRY AND CIVIL SUPPLIES be pleased to state

(a) whether Government of Maharashtra have urged the setting up of important public sector projects in industrially backward Maharashtra and Vidarbha regions of the State;

(b) if so, reaction of Government thereon?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY AND CIVIL SUPPLIES (SHRI B. P. MAURYA): (a) and (b). The Government of Maharashtra had requested this Ministry for locating the following public sector projects in the backward areas of the State:—

(a) Heavy Commercial Vehicles.

(b) Automotive Tyres.

(c) Machine Tools.

As regards (a) above, the detailed project is still under formulation and it has not reached a stage where site selection can be considered. However, the request of the State Government has been kept in view.

Regarding (b) above, there are no plans of setting up an automotive tyre project in the public sector. Regarding (c), H.M.T. is not planning to set up any machine tool plant dur- the Fifth Five Year Plan period.

Raising of Per Capita **Income**

758. SHRI ARJUN SETHI: Will the Minister of PLANNING be pleased to state:

(a) whether after establishment of steel plants, mining-projects and fertiliser projects in the economically backward States like Bihar, Orissa and Madhya Pradesh, Government have not been able to contribute very significantly towards increasing the per capita income of the local population;

(b) if so, the specific reasons therefor; and

(c) what precise steps Government propose to take or have taken to meet the situation?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING (SHRI I. K. GUJRAL): (a) and (b). As a result of the development programmes in general, including establishment of large industrial projects, there has been a perceptible increase in the per capita incomes of Bihar, Madhya Pradesh and Orissa as would be evident from the following figures:

Bihar (1948-49 prices)		Orissa (1960-61 prices)		Madhya Pradesh (1952-53 Prices)	
1955-56 to 1957-58	152	1955-56*	195	1955-56 to 1957-58	232
1963-64 to 1965-66	206	1963-64 to 1965-66	250	1963-64 to 1965-66	245
% increase - 35·5		% increase - 28·7		% increase - 5·7	

*Data not available for subsequent four years.

Source : Data compiled by the Central Statistical Organisation, Government of India, from the information supplied by the State Statistical Bureaus.

The per capita income figures given above have been presented as three yearly averages between 1955—58 and 1963—66, which broadly correspond to the periods before and after the establishment of most of the major industrial projects in these States. In the case of Madhya Pradesh, the increase in per capita income viz. 5.7 per cent during this period was not significant, but in the later years i.e. 1970-71 to 1972-73, the per capita income worked out on the same basis, rose to Rs. 273. This marked an increase of about 11.4 per cent over the three year period 1963—66. Large industries of the type mentioned in the statement of the question, even

though primarily of national significance, contribute to the development of regional economies in an indirect manner through linkage effects and the mechanism of inter-sectoral inter-action. Thus, by and large, increase in per capita income to the local population accrues from consequential developments in other sectors and the efforts of the State Governments.

(c) However, in order to ensure that the local population may benefit from the location of large industrial projects, the Government have made provisions in the recruitment of jobs through the National Employment Service for giving preference to the local people in jobs carrying a basic salary of less than Rs. 500. Emphasis is also being given for the development of ancillary units in these areas.

भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्स लिमिटेड में भर्ती

759. **श्री नाथूराम अहिरवार : क्या उद्योग और नागरिक पूर्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मंत्रालय को इस आशय की शिकायतें प्राप्त हुई हैं कि भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्स लि० के प्रबन्धक स्थानीय लोगों को नौकरियां नहीं दे रहे हैं ;

(ख) क्या किसी अधिकारी ने इन शिकायतों की जांच की है; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या परिणाम निकले ?

उद्योग और नागरिक पूर्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ए० सी० जार्ज) : (क) जी, हां ।

(ख) जी, हां ।

(ग) यह पाया गया है कि शिकायतें निराधार हैं ।

बी० एच० ई० एल० झांसी में हरिजनों एवं आदिवासियों की भर्ती

760. **श्री नाथूराम अहिरवार : क्या उद्योग और नागरिक पूर्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों को आदेश दिए हैं कि 500 रु० प्रतिमास तक के वेतन वाले पदों पर केवल उस राज्य के लोगों को ही रखा जाये जिस प्रदेश में कारखाना लगाया जाए ;

(ख) झांसी स्थित बी० एच० ई० एल० कारखाने में पिछले एक वर्ष में 500 रुपये तक वेतन वाले पदों पर कितने कर्मचारी नियुक्त किए गए; और

(ग) उनमें हरिजनों एवं आदिवासियों की संख्या क्या है ?

उद्योग और नागरिक पूर्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ए० सी० जार्ज) : (क) भारत सरकार के इस सम्बन्ध में पहले से ही निदेश हैं कि सरकारी क्षेत्र के सभी उपक्रमों को चाहिए कि वे 500 रु० प्रतिमास के मूल वेतन वाले पदों की भर्ती स्थानीय रोजगार कार्यालय के माध्यम से करें ।

(ख) गत वर्ष 203 कर्मचारियों और 140 प्रशिक्षणार्थियों की भर्ती की गई थी जिनका कुल योग 343 है ।

(ग) 20 प्रतिशत हरिजन और 26 प्रतिशत आदिवासी भर्ती किए गए हैं ।

Proposal to bring Science and Technological Activities in India under purview of National Committee on Science and Technology

761. SHRI C. K. CHANDRAPPAN: Will the Minister of PLANNING be pleased to state:

(a) whether Government are considering a suggestion made by the Director of the National Aeronautical

Laboratory after his visit to Soviet Union that the entire science and technological activity in India should be brought under the purview of the apex body, National Committee on Science and Technology; and

(b) if so, the steps taken by Government in this direction?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING (SHRI I. K GUJRAL): (a) The National *Committee on Science* and Technology is an apex advisory body to the Government and has the responsibility to assist and advise the Government on all aspects of the national scientific and technological efforts in the preparation and continuous up-dating of national science and technology plans as also on the pattern of the development of scientific and technological research including inter-sectoral resources allocation Its terms of reference are flexible enough to enable us to play a meaningful role in the national endeavour The recommendations made by the Director, National Aeronautical Laboratory, are thus by and large already under implementation.

(b) Question does not arise in view of (a) above

Loans to Printing Presses by D M.K. Government and Advertisements to Newspapers

762 SHRI C K CHANDRAPPAN: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state

(a) whether the former D M K. Government in Tamil Nadu had lent about Rs Thirty lakhs to printing presses which published newspapers and periodicals,

(b) if so, the facts thereof,

(c) whether these newspapers used to get huge amounts towards advertisements;

(d) whether bills for January, 1976 were paid to a newspaper which had ceased publication in July, 1975,

(e) if so, whether Government propose to take action in such specific instances of corruption against D.M K. Government in Tamil Nadu; and

(f) if so, the broad outlines thereof?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI DHARAM BIR SINHA): (a) to (f). The information is being collected from the State Government and will be laid on the Table of the House.

Grant of Pension to Freedom Fighters

763 SHRI C K CHANDRAPPAN. Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state

(a) the latest number of cases of freedom fighters who have applied for pension, State wise,

(b) the number of those granted pension, and

(c) how many applications have been rejected, filed or are pending?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI F. H MOHSIN): (a) to (c). The information is given in the statement laid on the Table of the House [*Placed in Library. See* No LT-10458/76.]

Sale of Pronographic Publications

764 SHRI BISWANARAYAN SHASTRI Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state

(a) whether some pornographic publications are openly sold in different cities of the country,

(b) if so, steps being taken to stop the circulation and sale of such publications;

(c) the authority which decides initially whether a particular publication is obscene or not, and

(d) whether he proposes to consider the question of forming a non-official machinery for advising his Ministry on this matter?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI F. H. MOHSIN): (a) Government is aware of the clandestine sale of pornographic publications in certain places in the country.

(b) Adequate provisions exist in sections 292 and 293 of the Indian Penal Code, Section 95 of the Code of Criminal Procedure, 1973 and the Prevention of Publication of Objectionable Matter Act, 1976 to deal with the sale of such publications. Such publications have been seized and prosecutions have also been launched in specific cases. The recent Bill for amending the Indian Penal Code as reported by the Joint Committee contains an additional provision for dealing with grossly indecent publications and if this is approved by Parliament it may also help.

(c) Whether a particular publication is obscene or not is assessed in the first instance by the authority competent to seize or order the seizure of the publication under law.

(d) No such proposal is under consideration of the Government.

Requirement of Power in Assam

765. SHRI BISWANARAYAN SHASTRI: Will the Minister of ENERGY be pleased to state:

(a) whether any survey has been conducted or estimates made by his Ministry as to the requirement of power in Assam in and after 1980 when the SEB of Meghalaya will be free to decide whether or not to supply power to Assam;

(b) projects taken up or likely to be undertaken for generating power in Assam; and

(c) if not how he proposes to meet the demands of industry that are on the offing in the State?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF ENERGY (PROF. SIDDHESHWAR PRASAD): (a) The Ninth Annual Power Survey has assessed the power requirements of Assam upto 1983-84.

(b) and (c). The Namrup thermal extension (1 x 30 MW) is in an advanced stage of execution and the Bongaigaon thermal project envisaging the installation of two units of 60 MW each has been sanctioned. The completion of these projects would help meet the power requirements of the State in future.

Increase in Juvenile Crime in Delhi

766. SHRI BISWANARAYAN SHASTRI: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether juvenile crime is increasing at a galloping speed in Delhi; and

(b) if so, the causes thereof?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI F. H. MOHSIN): (a) and (b) No Sir. 151 cases were registered in 1975 as against 163 in 1974.

12.00 hrs.

PAPERS LAID ON THE TABLE

NOTIFICATION UNDER INDUSTRIES (DEVELOPMENT AND REGULATION) ACT, 1951

THE MINISTER OF INDUSTRY AND CIVIL SUPPLIES (SHRI T. A. PAI): I beg to lay on the Table a copy of Notification No. S.O. 141(E) (Hindi and English versions) published in Gazette of India dated the 25th February, 1976, issued under section 9 of the Industries (Development and Regulation) Act, 1951. [*Placed in Library. See* No. LT-10446/76.]

REVIEW AND ANNUAL REPORT OF NATIONAL INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION, NEW DELHI FOR 1974-75

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY AND

CIVIL SUPPLIES (SHRI A C GEORGE) I beg to lay on the Table a copy each of the following papers (Hindi and English versions) under sub-section (1) of section 619A of the Companies Act, 1956 —

(1) Review by the Government on the working of the National Industrial Developmnt Corporation Limited, New Delhi, for the year 1974 75

(2) Annual Report of the National Industrial Development Corporation Limited, New Delhi for the year 1974-75 along with the Audited Accounts and the comments of the Comptroller and Auditor General thereon

[*Placed in Library See* No LT-10447/76]

REPORT OF CENTRAL ELECTRONICS LTD, NEW DELHI FOR THE PERIOD 26 6-74 TO 31 3 75

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING (SHRI I K GUJRAL) I beg to lay on the Table a copy of the Report (Hindi and English versions) of the Central Electronics Limited New Delhi, for the period 26th June 1974 to 31st March 1975 along with the Audited Accounts and the comments of the Comptroller and Auditor General thereon under sub-section (1) of section 619A of the Companies Act 1958 [*Placed in Library See* No LT 10 448/76]

NOTIFICATIONS UNDER ALL INDIA SERVICES ACT 1951

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS, DEPARTMENT OF PERSONNEL AND ADMINISTRATIVE REFORMS AND DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI OM MEHTA) I beg to lay on the Table a copy each of the following Notifications (Hindi and English versions) under sub section (2) of section 3 of the All India Services Act 1951 —

(i) The Indian Police Service (Fixation of Cadre Strength) Second Amendment Regulation 1976 published in Notification No G S R 70(E) in Gazette of India dated the 10th February, 1976

(ii) The Indian Police Service (Pay) Second Amendment Rules, 1976, published in Notification No G S R 71(E) in Gazette of India dated the 10th February, 1976

(iii) The Indian Administrative Service (Fixation of Cadre Strength) Fourth Amendment Regulations, 1976, published in Notification No G S R 72(E) in Gazette of India dated the 10th February, 1976

(iv) The Indian Administrative Service (Pay) Fifth Amendment Rules, 1976, published in Notification No G S R 73 (E) in Gazette of India dated the 10th February 1976

(v) The Indian Police Service (Fixation of Cadre Strength of Uttar Pradesh) Rules 1976 published in Notification No G S R 88(E) in Gazette of India dated the 18th February 1976

(vi) The Indian Police Service (Probation) Amendment Rules 1976 published in Notification No G S R 156 in Gazette of India dated the 7th February, 1976

(vii) The Indian Forest Service (Probation) Amendment Rules, 1976 published in Notification No G S R 157 in Gazette of India dated the 7th February, 1976

(viii) The All India Services (Death cum-Retirement Benefits) Second Amendment Rules, 1976, published in Notification No G S R 196 in Gazette of India dated the 14th February, 1976

(ix) The Indian Police Service (Uniform) Amendment Rules 1976 published in Notification No G S R 256 in Gazette of India dated the 28th February, 1976

(x) The All India Services (Death-*cum* Retirement Benefits) Third Amendment Rules, 1976, published in Notification No. G. S. R. 316 in Gazette of India dated the 6th March 1976. [*Placed in Library See* No. LT-10449/76.]

CENTRAL INDUSTRIAL SECURITY FORCE (1ST AMDT) RULES, 1976 AND NOTIFICATION *re.* CORRIGENDUM TO HINDI VERSION OF NOTIFICATION No. GSR 419 (E)

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI F. H. MOHSIN): I beg to lay on the Table:—

(1) A copy of the Central Industrial Security Force (First Amendment) Rules, 1976 (Hindi and English versions) published in Notification No. G. S. R. 262 in Gazette of India dated the 28th February, 1976, under sub-section (3) of section 22 of the Central Industrial Security Force Act, 1968 [*Placed in Library. See* No LT-10450/76]

(2) A copy of Notification No G S R 322 (Hindi version) published in Gazette of India dated the 6th March, 1976, containing corrigendum to Hindi version of Notification No G S R 419(E) dated the 19th July, 1975 [*Placed in Library. See* No LT-50451/76]

12.02 hrs

COMMITTEE ON PRIVATE MEMBER'S BILLS AND RESOLUTIONS

SIXTIETH REPORT

SHRI G. G. SWELL (Autonomous Districts): I beg to present the Sixtieth Report of the Committtee on Private Members' Bills and Resolutions

---

12.03 hrs.

RAILWAY BUDGET, 1976-77— GENERAL DISCUSSION—*contd.*

THE MINISTER OF WORKS AND HOUSING AND PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI K. RAGHU RAMAIAH): Before we resume the discussion on the Railway Budget I would like to make a submission to you, Mr. Speaker. There are a good number of speakers who want to speak on this side as well as on the other side. I would suggest that we may sit till seven of the clock today to enable members to speak. The hon. Minister will reply tomorrow. Let us continue with the discussion till seven of the clock.

MR. SPEAKER: I suppose that this is the consensus of the House.

SOME HON. MEMBERS: Yes.

MR SPEAKER : It is all right. We will sit till 7 O' clock.

Dr. Kailas may now resume his speech.

डा० कैलास (बम्बई दक्षिण) : अध्यक्ष महोदय, रेलवे मंत्री के कुशल प्रशासन, प्रभावशाली अनुशासन और महान् व्यक्तित्व के कारण रेल विभाग में जो कुशलता आई है, मै परसों उस का जिक्र कर रहा था। यह भी सत्य है कि रेल मंत्री की सहृदयता के कारण उन्हे हर क्षेत्र के रेल कर्मचारियों से सहयोग मिल रहा है।

परन्तु एक महकमा ऐसा है, जिस पर शायद पं० कमलापति त्रिपाठी की छाप नही पड पाई है, और वह विभाग है रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स। मेरी अपनी जानकारी यह है कि यह रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स रेलवे विभाग को जितना भी नुकसान पहुचा सकता है, वह उस मे कमी नही रख रहा है। अभी हाल ही की एक दर्दनाक घटना है कि एक यात्री हज कर के मक्का-मदीने से बम्बई हो कर मेरठ अपने घर लौट रहा था। दोहद और बडोदा के बीच में उन के सामान को जबरदस्ती खोला गया। पता नही, वे लोग रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स के थे, या रेलवे पुलिस के थे, या स्टेट पुलिस के थे, क्योंकि उन्होंने कोई वर्दी नही पहनी हुई थी और न उन के नाम का बिल्ला उनके कपडों पर लिखा हुआ था। उस यात्री को कहा गया कि वह कुछ कान्ट्राबेंड आर्टिकल्ज ले कर यात्रा कर रहे है। सामान में कुछ न निकला फिर भी जो दस मीटर कपडे का टुकडा वह मक्का से अपने बच्चों

[डा० कैलास]

के लिए ले कर आए थे, उस पुलिस अधिकारी ने ले लिया तथा चम्पत हो गया। इसलिए मेरा यह सुझाव है कि हर कम्पार्टमेंट में एक रेल पुलिस या राज्य पुलिस को रखा जाये, जो यात्रियों को उनके साथ इस प्रकार के अन्याय होने से बचा सके।

मैंने देखा है कि रेल के डिब्बों में अब पंखे नहीं चलते हैं और बिजली नहीं जलती है। जो पानी का पहले इन्तजाम होता था, वह अब नहीं है। कारण पूछने पर मुझे यह बताया गया कि रेल के डिब्बे में पानी का जो वर्तमान या कैन रखा जाता है, वह चोरी हो जाता है, इसलिए उस को रखना ही बन्द कर दिया गया है। यह बड़े दुख की बात है कि पुलिस अपना कर्तव्य-पालन न करे और उस के कारण अगर पानी का बर्तन चोरी हो जाये, तो यात्रियों को पीने का पानी बंद कर दिया जाय। कसूर कोई और करे और दण्ड किसी और को हो यह कहां का न्याय है।

रेलवे बोर्ड के वे ट्रैफिक इंचार्ज मेम्बर को चाहिए कि वह फ्रंटियर मेल और राजधानी एक्सप्रैस आदि गाड़ियों में खुद यात्रा बिना बताए करें और देखें कि इन गाड़ियों को शुरू करते समय उन में जो व्यवस्था थी, क्या श्री त्रिपाठी जी के इस विभाग को सम्भालने और इमर्जेंसी के लागू होने के बाद से उस में कुछ अन्तर पड़ा है या नहीं। मेरी जानकारी यह है कि राजधानी एक्सप्रैस में सुपरिण्टेन्डेंट और स्टुअर्ड आदि कर्मचारी जब वह शुरू की गई थी तब से ही चले आ रहे हैं। पहले राजधानी एक्सप्रैस में रिकार्डिड म्यूज़िक ठीक समय पर बजता था, लेकिन अब वह नहीं बजता है। राजधानी गाड़ी में रेडियो भी खराब पड़ा हुआ है। खाने-पीने की चीजों में जो सफ़ाई और इन को सर्व करने में जो तत्परता पहले थी, वह भी अब नहीं रह पाई है। बताया जाता है कि राजधानी एक्सप्रैस में जो पैंट्री है, उस में बड़े बड़े सामान को रख कर या कुछ लोगों को बिठा कर, ऊपर की आमदनी यह कर्मचारी कर रहे हैं। इस लिए यह आवश्यक है कि जो लोग लगातार तीन वर्षों से राजधानी एक्सप्रैस में काम कर रहे हैं, उन को अब वहां न रखा जाये। मैं तो चाहता हूं कि हर वर्ष अधिकारियों को बदली की जाय, ताकि जिस उद्देश्य से राजधानी एक्सप्रैस चलाई गई थी, उस की पूर्ति हो सके, तथा पुराने लोग पैसा कमानें से रोके जा सकें।

रेलवे विभाग में तीन बड़े कारखाने हैं, एक डीज़ल इंजिन, बिजली के इंजिन और डिब्बे बनाने का। उन का प्रौडक्शन इनस्टाल्ड कैपेसिटी का 50 परसेंट ही हो रहा है। मेरा सुझाव है कि उन को स्टेट्यूटरी कार्पोरेशन बना दिया जाये, ताकि वे रेलवे बोर्ड के दबाव और नियंत्रण से निकल कर अपनी इनस्टाल्ड कैपेसिटी का सैंट-पर-सेंट उपयोग कर सकें।

मुझे रेलवे कालोनीज़ में जाने का काफ़ी अवसर मिला है। मैंने देखा है कि वहां सैनिटरी ब्लाक्स की बड़ी दुर्दशा है, वाटर सप्लाई का ठीक इन्तज़ाम नहीं है और इंटरनल रोड्ज की हालत बड़ी ख़राब है। वहां लाइटिंग की भी समुचित व्यवस्था नहीं है। मेरा अनुरोध है कि इस तरफ़ ध्यान दिया जाये।

मंत्री महोदय ने अपने भाषण में कहा है कि वह खाने-पीने की चीज़ों और प्रति-दिन काम आने वाली चीजों पर कोई भाड़ा नहीं बढ़ा रहे हैं। मेरा सुझाव है कि अगर खादी, हैंडलूम के कपड़े वेजीटेबल्ज, बेबी फूड, कोयले और ईंधन की लकड़ी घास तथा मिट्टी का तेल इत्यादि को भी छूट दे दी जाये, तो सरकार की आमदनी में तो कोई फर्क पड़ेगा पर सामान्य जनता को इससे काफी राहत मिलेगी।

अब मैं कुछ सुझाव देना चाहता हूं। वे सुझाव ऐसे हैं, जिन के लिए रेलवे बोर्ड की आप राय तक की आवश्यकता नहीं है। हां रेलवे बोर्ड का अधिकारी मंत्री महोदय के पास बैठे और उस ही समय सलाहमशवरा करके इन सुझावों पर निर्णय लिया जा सकता है क्योंकि उस में कोई फिनाशल या टेक्नीकल इम्प्लीकेशन्ज नहीं है।

पहला सुझाव यह है कि फ्रंटियर मेल आजादी के पहले तथा सन् 1950 तक 22 घंटे में बम्बई से दिल्ली और दिल्ली से बम्बई पहुंचा करती थी। आज वह जाते वक्त 24 घण्टे 10 मिनट और लौटते वक्त साढे 24 या 25 घंटे लेती है। यह क्यों हो रहा है? आज जब राजधानी एक्सप्रैस के लिए आप ने रेल की पटरी को स्ट्रेन्थेन कर दिया है और जब पुरानी रेलों पर ही फ्रंटियर मेल 22 घंटे लेती थी, यह ही नहीं किन्तु जिन स्टेशनों पर वह पहले रुकती थी उन्हीं पर आज भी रुकती है तो 22 घण्टे में उसे क्यों नहीं पहुंचना चाहिए? आशा है फ्रंटियर मेल अब 22 घण्टे में आया-जाया करेगी।

दूसरा मेरा सुझाव है कि बम्बई शहर सेंट्रल और वेस्टर्न रेलवे में दो भागों में विभाजित है। किसी को वैस्टर्न रेलवे से सेंट्रल रेलवे के स्टेशन पर जाना होता है या शहर के दूसरे भाग में जाना होता है तो उसे गाडियां बदलनी पडती है जिससे बडी असुविधा होती है। इस के लिए मेरा सुझाव है कि अगर सेंट्रल रेलवे की गाडी दादर में वैस्टर्न की तरफ डाइवर्ट कर दी जाय और वैसे ही वेस्टर्न रेलवे की गाडी दादर से सेंट्रल रेलवे की तरफ डाइवर्ट कर दी जाय, और उस के लिए सबर्बन पैसेंजर्स का किराया भी कुछ आप बढ़ा दें, तो उन को दिक्कत नहीं होगी क्योंकि यात्री सुविधा चाहता है तथा समय बचाना चाहता है। मैं ऐसा मानता हूं कि आजादी के इतने वर्ष बाद तो अब यह सुविधा बम्बई वालों को मिलनी चाहिए।

तीसरा मेरा सुझाव है, मंत्री महोदय जानते होंगे, उन के पास कटिंग्स आती होंगी, आनी भी चाहिए कि हर महीने या दो महीने में ऐसा होता है कि वीमेन्स कम्पार्टमेंट में गुंडे घुस जाते है और उन के गले की चेन, हाथ की घडी या चूडियां वगैरह छीन लेते है। वीमेन पैसेंजर्स के लिए यद्यपि सिपाही रहते है लेकिन वह कभी होते है कभी नहीं होते है। मेरा ऐसा निवेदन है कि वह ऐसे सिपाही होने चाहिए जो स्त्री यात्रियों की मदद करने वाले हो और उन को बचाने वाले हो न कि गुंडों की मदद करने वाले।

चौथा मेरा निवेदन है मंत्री जी ने पढा होगा अभी कि एक महीने में दो बार वेस्टर्न रेलवे में आगजनी की घटनाएं हुई जिस में दो डिब्बे जल गए। एक आग में तो काफी नुकसान हुआ और यात्री भी जल गए और दूसरी आग तो खडी गाडी के समय लगी। मुझे पूरा विश्वास है कि आर० एस० एस०, जनसंघ और सोशलिस्ट पार्टी के जो दिमाग से फिरे हुए लोग है उन्होंने जानबूझ कर यह आग लगाई थी। मंत्री जी ने एन्क्वायरी कमीशन नियुक्त किया है उस में जो निर्णय निकलेगा वह तो निकलेगा ही लेकिन हम लोग जो नान-आफिशियल एजेंसी से सूचना पाकर मंत्री जी तक पहुंचाते है उस को भी आप को महत्व देना चाहिए। मैं मानता हूं कि मंत्री इस का ध्यान रखेंगे कि इस प्रकार के तत्व रेलवे को नुकसान न पहुंचा सकें।

पांचवां सुझाव है कि लायल वर्कर्स के पुत्रों और पुत्रियों को आप ने आश्वासन दिया था कि उन को नौकरी दी जायगी। यह मेरी जानकारी में है, मैं उस व्यक्ति का नाम नहीं लेना चाहता, जो बधवार पार्क में आप की रेलवे कालोनी है जिसमें

[डा० कैलास]

क्लास वन और क्लास टू आफिसर्स रहते हैं और जिन के हाथ में नौकरी में रखने की सत्ता है, रहते है। अगर उन के पास 3 हजार रुपये पहुंचा दिए जायं तो उन कर्मचारियों के लड़के लड़कियों को नौकरी मिल जाती है, नहीं पहुंचाए जायं तो वे फेल कर दिए जाते है। मंत्री जी को जब भी हम लिखते हैं तो उत्तर वही भेजा जाता है कि लड़का थ्योरी में पास नही हो सका या इंटरव्यू में पास नही हो सका। परन्तु असली बात तो यह है मंत्री जी कि लायल वर्कर के एक बच्चे को नौकरी देनी है। उस ने जब परीक्षा पास की लेकिन तीन हजार रुपये, नही दिये गये तो वह नौकरी नही पा सकता। मुझे विश्वास है कि बिना नाम बताए मंत्री जी को जान लेना चाहिए कि मैं किस व्यक्ति की ओर मैं इशारा कर रहा हूं।

छठा निवेदन मेरा यह है कि रेलवे स्टाल, फूड स्टाल और खोमचे वाले स्टेशनों पर जो गड़बड़िया कर रहे है, सफाई नही रखते उस की तरफ भी आप का ध्यान जाना चाहिए और उस के लिए कोई सरप्राइज चेक वगैरह होना चाहिए जिस से कि यात्रियो की सुविधा के लिए जो स्टाल्स बनाए गए है उन पर ठीक सामान और ठीक कीमत पर मिल सके।

सातवां मेरा सुझाव यह है कि कि टिकट बेचने वाली एजेंसिया क्यों अब तक रखी है। मैं नही समझ पाता कि जब हर यात्री अपने नौकर के द्वारा या अपने खुद जा कर टिकट खरीद सकता है तो एजेंसियों की जरूरत क्यो है? आज इस प्रश्न के ऊपर विचार करने की आवश्यकता है कि ऐजेंसियों को रखने की आवश्यकता है या नही

आठवां सुझाव मेरा यह है कि मैं एक संस्था से सम्बन्धित हूं। उस के अध्यक्ष और कई ऐसे कार्यकर्ता हैं जो उड़ीसा से आते हैं। उड़ीसा से यहां तक आने में उन को बडी कठिनाई और परेशानी होती है।

मेरा सुझाव है कि कटक से भुवनेश्वर कलकत्ता होते हुए या पटना होते हुए—मैं नहीं जानता आप किस तरह करेंगे—एक या दो कम्पार्टमेंट ऐसे होने चाहिए जिससे उडीसा को भी दिल्ली बिना गाडी बदले आ जा सके। अगर इस तरह का कम्पार्टमेंट है तो उसमे सुविधा सब को क्यों नही मिलती। यह हो नहीं, कटक-दिल्ली की दूरी 24—28 घंटे में पूरी होने की व्यवस्था की जानी बडी आवश्यक है। आपने वचन दिया है सब राज्यों की राजधानियो को दिल्ली से जोड देंगे। उसे पूरा करें।

मेरा नवा प्वाइंट यह है कि पेन्शन और ग्रैच्युटी के कागज तब जा कर तैयार होते है जब कि सम्बन्धित व्यक्ति मर चुका होता है। पेन्शन और ग्रैच्युटी के केसेज के निपटारे के लिए 6 महीने की अवधि रखी जानी चाहिए। क्यों नही व्यक्ति के रिटायर होने से 6 महीने पहले ही उसके सारे कागज ठीक कर दिए जायें ताकि रिटायर होने के 8—10 दिन में ही उसको पेंशन या ग्रेच्युटी मिल जाय। ऐसा होने से आपको आशीर्वाद तो मिलेगा ही क्योंकि उनको इतने वर्ष सेवा करने के बाद एक धक्का सा लगता है। ग्रेच्युटी या पेशन की देरी से उस धक्के का दुगना असर हो जाता है। यह एक मानवीय प्रश्न भी है। तो इसको जल्दी से जल्दी करना चाहिए।

दसवा प्वाइंट यह है कि रेलवे कन्वेन्शन कमेटी, पब्लिक एकाउण्टस कमेटी और और एस्टिमेट्स कमेटी जो अपनी सिफारिशें अपनी रिपोर्ट में लिखती है, श्री कुरेशी साहब उनको खुद पढ़ें और रेलवे बोर्ड के मेम्बर को बुला कर पढ़वायें और पूछें कि इस सिफारिश को मानने में क्या कठिनाई

है। रेलवे बजट के खिलाफ ग्रगर विरोध पक्ष के लोग जो कुछ बोल पाये हैं वह यही कि रेल मंत्री ने रेलवे कन्वेन्शन कमेटी की रिपोर्ट या पब्लिक एकाउन्ट्स कमेटी और एस्टिमेट्स कमेटी की रिपोर्ट पर ध्यान नहीं दिया। कोई भी ऐसी बात को सुनना पसंद नहीं करेगा। मैं चाहता हूं, मंत्री जी इसके सम्बन्ध में उत्तर देते समय अवश्य कुछ कहें। मेरी स्वयं समझ में नहीं आ रहा है कि जो सिफारिशें पार्लमेण्ट की हाई पावर्ड कमेटियों ने की थी उनका जिक्र बजट स्पीच में क्यों नहीं किया गया। उनकी चर्चा अवश्य बजट में करनी चाहिए थी। मैं आशा करता हूं कि मंत्री जी इस पर अवश्य ध्यान देंगे।

मैं अन्त में यह कह कर बैठ जाऊंगा कि हर वर्ष की तरह हम लोग बोलते है, कागज पर वह चीज आ जाती है लेकिन उस पर कोई ध्यान नही दिया जाता है। यह प्रथा बदलनी चाहिए। पंडित जी के कार्यकाल में हम चाहते है कि जो कुछ सुझाव हम देते है उसका रिफ्लेक्शन आगे के बजट मे या आपके उत्तर मे अवश्य होना चाहिए जिससे यह लगे कि जो कुछ भी हम यहा पर स्टैंड करके बोलते है उसका आप पर असर हुआ है या रेलवे बोर्ड पर कोई असर हुआ है।

अध्यक्ष जी, मुझे आपने बोलने का जो समय दिया, उसके लिए धन्यवाद।

MR. SPEAKER: I would request hon. members to stick to the time-limit because there are a large number of speakers, and if more time is taken by some hon. members, other speakers will be barred. I think we should confine ourselves to 7 minutes.

श्री विभूति मिश्र (मोतीहारी): अध्यक्ष जी, मैं आपको धन्यवाद देता हूं लेकिन एक आदमी को आप खिलायें मिठाई और दूसरे को सूखा ही खिलावें तो यह कहां तक उचित होगा।

अध्यक्ष महोदय: समय तो उतना ही है, आप ज्यादा ले लेंगे तो दूसरे को कम समय मिलेगा।

श्री विभूति मिश्र: मैं रेलवे बजट का स्वागत करता हूं और रेलवे मंत्री जी को अपनी कठिनाइयों के बारे मे बतलाना चाहता हूं। रेलवे के चलते हम जो चम्पारन वासी है और मुजफ्फरपुर के पश्चिम मे रहते है, 40–50 लाख लोगों को बाहर निकलने का रास्ता नही है क्योंकि मुजफ्फरपुर से बरौनी बड़ी लाइन हो गई, मुजफ्फरपुर से सोनपुर तक बड़ी लाइन बना दी और अब नतीजा यह हो रहा है कि चम्पारन से जो गाड़ी चलती है, बगहा, बेतिया, मोतीहारी से वह आकर के मुजफ्फरपुर स्टेशन पर टर्मिनेट होती है। फिर मुजफ्फरपुर से सोनपुर तक जाने के लिए बड़ी लाइन पर जायें और फिर सोनपुर से पहलेजा जाने के लिए छोटी लाइन पर जायें और फिर स्टीमर पर चढ कर पटना पहुंचे।

आप, अध्यक्ष जी, सोचिये—जो गाड़ी रात को मुजफ्फरपुर, बेतिया और मोतीहारी होते हुए आती है उस मे काफ़ी पैसेन्जर होते हैं, क्योंकि पटना कैपिटल है, हम लोगो के लिए लाइफ-लाइन है, उस मे बूढे-बच्चे सब तरह के लोग जाते है, बीमार जाते हैं, क्योंकि अस्पताल भी पटना मे है। इन लोगो को पहले मुजफ्फरपुर उतरना पड़ता है, फिर एक मील चलने के बाद बड़ी लाइन का स्टेशन मिलता है—इससे आप समझ सकते है कि क्या हालत होगी। उसी तरह से चार बजे भोर में सोनपुर उतरना पड़ता है और फिर एक मील का रास्ता तय करने के बाद छोटी लाइन का स्टेशन मिलता है। इस लिए हम लोग, जो 40 लाख की पौपुलेशन

[श्री विभूति मिश्र]

है, काफ़ी मुसीबत में आ गये हैं। मैंने इस सम्बन्ध में मंत्री जी को कई पत्र लिखे, उन्होंने कोशिश भी की, लेकिन कोई कामयाबी नही मिली।

अध्यक्ष जी, पिछले 25-26 सालो से मैं इस सदन का सदस्य हूं, मैंने कभी भी रेलवे बोर्ड की समालोचना नही की, फिर भी पता नही क्यों, हम लोगों को तकसीम किया जा रहा है। एक महात्मा गांधी थे, जिन्होने नीग्रोज़ से जान छुड़ाई, लेकिन यहां स्वाधीन होने के बाद भी हम इस मुसीबत में फसे है, कही जाने का कोई रास्ता नही हैं। मेरा सुझाव है कि जब तक बडी लाइन मुज़फ्फरपुर से मोतिहारी, बेतिया बगहा तक बन कर न हो जाय, तब तक मुज़फ्फरपुर, सोनपुर, पहलेजा की छोटी लाइन को रखा जाय, तभी हम लोगो की मदद हो सकती है, जिस तरह से आप ने बरौनी से लेकर समस्तीपुर तक बड़ी और छोटी लाइन रखी है, उसी तरह से इस काम्प्लैक्स मे भी बड़ी और छोटी लाइन रखनी चाहिए, नही तो हम लोग काफ़ी मुसीबत मे फस जायेंगे और कोई पूछने वाला नही मिलेगा। हम लोग सारे पैसेन्जर जो चम्पारन मे चलते है, रात की गाडी से चलते है, सुबह पटना पहुचते है, दिन भर काम करने के बाद शाम को वहाँ से चल देते है—इसलिए ऐसी व्यवस्था का जारी रखना ज़रूरी है।

दूसरा सुझाव—मुजफ्फरपुर से वाया बरौनी पटना के लिए जो जयन्ती जनता एक्सप्रैस गाडी चलती है, वह हफ्ते मे दो बार चलती है, मेरा सुझाव है कि इस को प्रतिदिन चलाया जाय। इसी तरह से आसाम मेल जो बरौनी मे टरमिनेट हो जाती है उस को मुज़फ्फरपुर तक एक्सप्रेस गाड़ी के रूप मे चलाया जाय ताकि कम से कम समय मे लोग वहां पहुच सकें। मैं मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि वे इन कठिनाइयों की तरफ़ ध्यान दें, क्योंकि हम लोग नेपाल की ऐसी तलहटी में बसे हुए हैं, जिस में कहीं भी बाहर जाने का रास्ता नहीं है।

मंत्री जी ने बगहा ब्रिज का शिलान्यास प्राइम मिनिस्टर से कराया था, लेकिन उस में कही भी सन्तोषप्रद प्रगति नही हो रही है। हम लोगों के लिए पटना लाइफ़-लाइन है, कैपिटल है, वहां अस्पताल है, रोज़गार और व्यापार है, इसलिए मैं मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि वे इस में शीघ्रता करें। कुरेशी साहब यहा बैठे हुए है, मंत्री जी के यहां आने से पहले से वे यहा पर है, इन्होंने कहा था कि 50 मील की कमी हो जायगी, तब फिर मैं नही समझता हूं कि इन्होने इस को तरजीह क्यों नही दी। पचास मील की कमी हो जाने से इसमे कितना तेल बचेगा, पैट्रोल बचेगा, इस का आप अन्दाजा लगा सकते हैं। इस लिए मैं पुन: अनुरोध करता हू कि इस को शीघ्रता से करायें।

समस्तीपुर से दरभगा तक बडी लाइन के लिए इन्होने अपने एक्सप्लेनेटरी मेमोरेण्डम के पेज 43 पर जो लिखा है, मैं उस का स्वागत करता हूं, लेकिन मैं जानना चाहता हू कि मुज़फ्फरपुर से मोतिहारी, बैतिया के बीच मे कोई नदी नही है, इसलिए इस में कोई खर्चा भी नही है, तब फिर मंत्री जी ने इस को क्यो नही रखा। अध्यक्ष जी, मेरा एक ऐतराज़ है, जहां का कोई मंत्री होता है, वहां कुछ सहूलियत हो जाती है, अब मेरे यहां से यानी हमारे ज़िले से न कोई मंत्री है और न कोई काम देखने वाला है . . . .

डा० कैलाश : श्री एल० एन० मिश्र जी मंत्री बिहार से हैं।

श्री विभूति मिश्र : वह हमारे जिले के नही थे, आप भूगोल पढे। मैं यहां पर प्रान्त की बात नही कह रहा हू, जिले की बात कह रहा हू।

डा० कैलाश : फिर तो आप गाव की भी बात करने लगेंगे।

श्री विभूति मिश्र आप जरा गाधी जी के लिट्रेचर को पढिये। अध्यक्ष जी, इन्होने मेरा बडा समय ले लिया, लेकिन फिर भी इन की समझ मे नही आया। जहा का कोई मत्री होता है, वहा सहूलियत हो जाती है। मेरे जिले का कोई मत्री नही है, हम लोग नैपाल की तलहटी मे बसे हुए है, हम लोगो की सुख-सुविधा और कठिनाइयो पर कोई ध्यान नही देता है। आप थोडा कम्पैरटिव फिगर्स को ले तो आप को मालूम होगा कि इस मे कितना कम खर्चा पडता है, तब फिर आप मुजफ्फरपुर मोतिहारी, बेतिया और बगहा तक बडी लाइन से जा कर गोरखपुर मे क्यो नही मिला देते। इस से हम लोगो की समस्या हल हो जायगी।

मैंने बार बार कहा है कि मोतीहारी स्टेशन शहर को दो हिस्सो मे बाटता है। उस के एक तरफ शहर है और दूसरी तरफ कालेज आदि है। वहा पर नाना-प्रकार की घटनाएं हुआ करती है। इसलिए वहा पर आप ओवर ब्रिज या अण्डर-ग्राउण्ड ब्रिज जरूर बनाए ताकि मोतीहारी स्टेशन पर जो हन्गामा कालेज नजदीक होने से हो जाता है, वह दूर हो जाए।

एक बात मैं यह कहना चाहता हू कि रेलगाडियो को जहा पर पानी लेना होता है, वहा पर खडा होना चाहिए। अब क्या होता है कि रेलगाडी प्लेटफार्म पर खडी हो जाती है और फिर फौरन चल देती है पानी लेने के लिए, जिस से यात्रियो को बहुत असुविधा होती है।

एक बात मैं यह कहना चाहता हूं कि जो रेलवे सर्विस कमीशन आप ने बनाया है, उस के काम की तरफ आप को ध्यान देना चाहिए कि वह क्या काम करता है।

अभी परसो कुछ भाइयो ने यह कहा था कि मत्री जी ने जो सरप्लस बजट बनाया है वह सिर्फ एकाउंटिग सरप्लस है और काउन्टिग सरप्लस नही है। मैं इस सम्बन्ध मे यह कहना चाहता हू कि मेथमेटिक्स मे जब एकाउन्टिग करते है तभी तो पता चलता है कि सही फीगर्स क्या हैं। इस लिए मैं मत्री जी के इस बजट का स्वागत करता हू क्योकि साल भर बाद ही पता चलेगा कि यह दरअसल सरप्लस बजट है। जो निराशावादी बात उन लोगो ने कही है वह सही नही है।

आगे मुझे यह कहना है कि ए० स सैकण्ड क्लास जो इस वक्त कुछ रेलों मे है वह और दूसरी गाडियो मे भी होना चाहिए। मैं मत्री जी से कहना चाहूगा कि वे डी-लक्स मे एयरकण्डीशण्ड डिब्बे को देख ले कि कितनो की जगह उन मे है और वहा पर जो बर्थ है वह कहीं पर ऊची हैं और कहीं पर नीचे है। इसलिए मैं चाहता हू कि मत्री जी इस चीज को देखे और सब गाडियो मे सैकण्ड क्लास एयर कण्डीशण्ड को जल्दी करावे।

कुछ भाइयो ने कहा है कि स्टीम इजन नही होने चाहिये और डी-लक्स गाडिया दौडाए जिन मे डीजल इजन लगाए जाएं। मै समझता हू कि हमारे इन भाइयो ने देश की स्थिति को नही समझा है। 1300 करोड रुपया हम लोगो का पेट्रोल मे जाता है। मै यह समझता हू कि इस देश मे यह एक गलत काम हुआ है कि हम लोगो ने डीजल इजन चलाए। अब हमारे देश मे पर्याप्त मात्रा मे कोयला मिलता है तो हम को फारेन एक्सचेन्ज बचा कर दूसरे कामो मे खर्च करना चाहिए। मैं स्टीम इजनो का समर्थन

[श्री विभूति मिश्र]

करता हूं जब तक हमारा देश पेट्रोल और डीजल में सैल्फ-सफीशियेन्ट न हो जाए। सलिए मैं मंत्री जी से कहूंगा कि वे स्टीम इंजन चलाएं और डीजल इंजन बन्द करें और इस तरह से जो फारेन एक्सचेन्ज बचे, उस को दूसरे कामों में लगायें।

कुछ भाइयों ने कहा कि टिकेटलेस ट्रेवलिंग है। यह ठीक है कि टिकेटलैस ट्रेवलिंग है और उन के यहां ज्यादा होगी लेकिन टिकेटलैस ट्रेवलिंग का एक कारण मैं यह समझाता हूं कि पैसेन्जर गाडियों के कारण यह ज्यादा होती है और एक्सप्रेस गाडियों में यह कम होती है। अभी आप ने अखबारों में पढा होगा कि इलाहाबाद में कोई रेलवे का अधिकारी 20 आदमियों के साथ बिना टिकट के बारात ले जा रहा था। इसलिए मैं यह समझता हूं कि रेलवे विभाग के आदमियों के कारण टिकटलैस ट्रेवलिंग होता है। आजकल जनता में टिकटलैस ट्रेवलिंग की भावना नही है। पहले कुछ थी लेकिन अब वह थोडी सी दब गई है। इसलिए रेलवे विभाग इस चीज को देखे कि टिकटलैस ट्रेवलिंग न हो।

चोरी और डकैतियां भी पेसेन्जर गाड़ियों में रात में होती हैं। इसलिए मेरा कहना यह है कि जितनी ज्यादा आप ब्रान्च लाइनों पर दिन में रेलें चला सकें उतना अच्छा होगा। इस के अलावा आप एक्सप्रेस गाडियां चलाएं जिस से टिकटलैस ट्रेवलिंग न हो।

इस के अलावा रेलवे में जो केटरिंग होती है, मैं मंत्री जी से कहूंगा कि उस की तरफ वे ध्यान दें। इतने गंदे कपडे वे पहने होते हैं कि उन को देखने की तबियत नहीं होती है। कपडे गन्दे होने के अलावा मैं ने यह देखा है कि जो खाना वे बनाते हैं, उस में से ही निकाल कर खाते रहते है। इसलिए इस तरफ आप ध्यान दे।

मैं मंत्री जी से कहूंगा जैसा आपने कहा है कि सीमेन्ट, आयरन, पेट्रोलियम के ऊपर पांच सौ किलो मीटर के ऊपर भाडा बढ़ेगा—राशन के ऊपर यह नहीं बढ़ना चाहिए क्योंकि राशन गरीब से गरीब आदमी के काम में आता है। कोयले, लोहे जैसी चीजे जो किसानों के काम में आने वाली चीजे हैं उन पर भी उन्हें छूट देनी चाहिए। जब वह डीस्ट्रिक्ट मेजिस्ट्रेट से सर्टिफिकेट लेकर दें या एस० डी० ओ० से सर्टिफिकेट ले कर दें तो उनको इन पर छूट देनी चाहिए। नहीं तो किसानों के ऊपर बोझा पडेगा और इससे सामानों का दाम बढ़ेगा। इसलिए मैं चाहता हूं कि किसानों को इससे बरी किया जाय। आप किसानों के लिए सीमेंन्ट पर, लोहे पर, राशन पर छूट देने के लिए विचार कीजिए और देखिये कि इन चीजों का प्रभाव गरीबों पर पडता है या नही पडता है, खास कर किसानों पर पडता है या नही पडता है।

एक बात मैं और यह पर समाप्त करूंगा। मल्टी ट्रेक सिस्टम जो है इसको जितना जल्दी हो सके खत्म किया जाये। इस मल्टी ट्रेक सिस्टम की वजह से, अध्यक्ष जी, उत्तर बिहार में, मेरे जिले चम्पारण में, कोई प्राईवेट सैक्टर वाला इण्डस्ट्री लगाने के लिए तैयार नही है। प्राईवेट सेक्टर वाला कहता है कि पहले हमें माल मुजफ्फरपुर ले जाना है क्योंकि मोतिहारी तक छोटी लाइन है और इससे हमारी कास्ट बढ जाती है। मै मंत्री जी से कहूंगा कि उत्तर बिहार में ललित बाबू बडी लाइन ले गये, मैं उनको धन्यवाद देना चाहता हूं, उनकी इच्छा थी कि मोतिहारी होते हुए रक्सौल तक बडी लाइन बनाये। मैं मंत्री जी से चाहूंगा कि वे ललित बाबू कि अंतिम इच्छा का पालन करे। मैं इन को धन्यावाद देता हूं।

श्री राम सहाय पांडे (राजनंदगांव): अध्यक्ष जी, मैं आपका बहुत अधिक समय नहीं लूंगा। मैं श्री त्रिपाठी जी को धन्यवाद देता हूं, अभिवादन भी करता हूं। और अभिनन्दन भी

करता हूं। ये बड़े सौभाग्यशाली मंत्री सिद्ध हुए हैं। उनके प्रशासन काल में अनुशासन आया और रेल सेवाओं में पंक्चुएलिटि आई। अब ट्रेन समय से आती हैं और सेवाएं भी बढ़ी हैं। कभी कभी तो आश्चर्य होता है कि जितनी सेवाएं, जितनी ट्रेनें आज मिल रही है वह कहां से मिल रही है जब कि इसी सदन में कितनी ही बार मांगे की जाती थी ट्रेनें बढ़ाने की और यह कहा जाता था कि अर्थाभाव के कारण हम नई रेल सर्विस नही दे सकते। आपके आने के कारण बहुत सी रेल सर्विस बढ़ी। हमारे मध्यप्रदेश को सबसे बड़ी उपलब्धि हुई छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के नाम से। यह गाडी बिलासपुर से चल कर, नागपुर होते हुए भोपाल आती है और भोपाल से पेसेन्जर की हैसियत से झांसी और पंडित जी की यह अनुकम्पा थी कि हम उसी गाडी में बैठ कर के छतीसगढ के एक कोने से दिल्ली आ सके। आपका जो यह उद्देश्य है कि तमाम क्षेत्रों का सम्बन्ध कैपिटल से जोड दिया जाय तो उससे लोगों को आवागमन में सुविधा हो जायगी।

आपने और आपके कर्मचारियों ने जिस प्रकार का अनुशासन का प्रदर्शन किया है और आपके कर्मचारियों ने जिस प्रकार से आपके नेतृत्व को स्वीकारा है, उसके लिए आप बधाई के पात्र है। लेकिन कहीं यह न हो जाय कि जिन अधिकारियों का सम्बन्ध पेसेंन्जर्स से पडता है उनमें भ्रष्टाचार की प्रवृति दिखाई दे। फिर से भ्रष्टाचार की बाते कही कहीं सुनायी पडती हैं यद्यपि इस बारे में मैं अधिकारपूर्वक नही कह सकता। लेकिन कुछ लोग इस तरह की शिकायत करते है और उससे ऐसा लगता है कि जो लोगों का पार्टिसिपेशन है, उसमें कहीं यह भावना पैदा न हो जाय कि इतने अच्छे कुशल प्रशासन, नेतृत्व के बाद भी पैसा लेकर काम करने की प्रवृति, भ्रष्टाचार की प्रवृति की पुनरावृति हो रही है। जहां तक रेलों की पंक्चुएलिटी का सम्बन्ध है, उसका अन्दाजा उसके प्रशासन से हम को होता है, लेकिन जहां तक जनता की सुविधाओं का सम्बन्ध है, फेसिलिटिज का सम्बन्ध है, अगर उनका सम्बन्ध पैसे से बढ़ता है तो फिर हमारा मन कुंठा से भरेगा और हम यह सोचेंगे कि अनुशासन के माध्यम से क्या हम अच्छा, शुद्ध, सफल प्रशासन जनता को दे सके और हमने जो जनता की सेवा करने का संकल्प लिया था, उसमें हम कहीं न कहीं पीछे है।

एक प्रस्ताव था, जैसा कि हमने समाचार पत्रों में पढ़ा था, कि पैसेन्जर्स की संख्या को देखते हुए आप कोई दुखंडी ट्रेनों का इंतजाम करने जा रहे है। जैसे कि बसिज चलती हैं उसी प्रकार की डबल डेकर ट्रेने का क्या आप कोई इंतजाम करने जा रहे है? हमने अमेरिका में देखा कि शिकागों से लास एंजिल्स तक डे लाइट डबल डेकर ट्रेनें चलती है। जहां 12 से 16 घंटे का करीब करीब डिस्टेंस होता है वहां बहुत सी डबल डेकर ट्रेन चलती हैं। अगर ऐसा कोई प्रबन्ध करने मे आप समर्थ हो जाये तो आप जनता की सेवा कर सकेंगे और जो गर्मियों या शादियों के मोके पर क्राउड होती है, उनको अच्छे तरीके से गन्तव्य स्थान पर पहुंचाने मे सफल होंगे।

श्रीमन् बड़ी तेजी से बिजलीकरण का कार्यक्रम चला था। बिजली के माध्यम से एक स्थान से दूसरे स्थान तक और कहीं ट्रंक रूट्स पर ट्रेने चलाने का कार्यक्रम था। इस काम में पैसे की तो आवश्यकता होती ही है और अन्ततोगत्वा पैसे की कमी के कारण ही काम रुकता भी है। मेरा निवेदन है कि इस बिजली के काम को अगर आप द्रुत गति प्रदान कर सकें विद्युतीकरण कर सके तो डीजल पर जो हमारी निर्भरता रहती है और जो एक पेट्रोलियम पदार्थ है और जिस के कारण हमारी रफतार गत्यावरोध उत्पन्न हो जाता है, यह भी दूर हो जाएगी।

आपने कहा है कि पैसों की कमी के कारण आप रेलवे लाइंस नहीं दे सकते हैं। आपने इसको बहुत ही स्पष्ट रूप से कह दिया है। स्पष्ट बात कह देना अच्छा होता है। उससे थोड़ी देर के लिए तो ऐसा

[श्री राम सहाय पाण्डे]

अनुभव होता है कि निराशा ही हाथ लगी है लेकिन बाद में इसका लाभ ही होता है। गोलमोल बात करने के बजाय स्पष्ट बात कह देना ज्यादा अच्छा होता है। अगर आप एक बार यह कह देते है कि इसको या उसको देखें तो बात में जा कर आप पर दायित्व आ जाता है कि आप बताए कि आपने यह कहा था यह क्यों नही किया। मैं निवदन करता चाहता हूं कि अपने फाइनसिज को देखते हुए, थली को देखते हुए जो भी नई रेलवे ला न आप दे सकें उसको देने का आपको प्रबन्ध करना चाहिए। लेकिन एक घोषणा तो आप कर ही सकते है। प्रायोरिटीज तो आप फिक्स कर ही सकते हैं। एक माननीय सदस्य ने उत्तर दक्षिण पूर्व पश्चिम की बात कही है। हमारे त्रिपाठी जी का मन और हृदय दिशाओं के मोह से प्रभावित नही है इसकी मुझे प्रसन्नता है। एक मोह आप में जरूर है कि चारो दिशाओ को आप एक स्थान पर मिला देने के लिए प्रयत्नशील हैं। यह एक शुभ लक्षण है। प्रदेशों का प्रभाव आपके मन मे नही है। लेकिन प्रयोरिटीज फिक्स करने मे तो कोई आपत्ति नही होनी चाहिए।

मैं यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि हमारे देश के 234 जिले पिछडे हुए घोषित किए जा चुके है। इनका भी आप नई रेलवे लाइने देने मे विचार कर सकते हैं। इन में बस्तर जिला है, सरगुजा जिला है, झाबुआ है। ये मध्य प्रदेश के जिले है जिन का नाम मैं ले रहा हू। दूसरे प्रान्तो मे भी इस तरह के जिले है। आपको आश्चर्य होगा यह सुन कर कि वहा के लोगों ने आज तक रेल के दर्शन नही किए है, रेल मे यात्रा करने की बात तो आप छोड दें। जब भी आप की अर्थ व्यवस्था आपको इजाजत दे आप उत्तर दक्षिण पश्चिम पूर्व से दूर हट कर, उससे ऊपर उठ कर आप इनका खयाल रखें फिर ये चाहे बिहार में हों, पजाब, हरियाणा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश कही भी हों। भविष्य निर्माण की दृष्टि से आप सारे देश का एक सर्वे कराएं और प्रायोरिटीज फिक्स कर दें। फिर आप इसको भी देखें कि जहां ट्रक रोड्ज न हो, उनको भी रेलवे सुविधा प्राप्त हो। इस मे बम्बई कलकत्ता वाया नागपुर, बम्बई कलकत्ता वाया जबलपुर, बम्बई दिल्ली वाया भोपाल आते है। वहा रेल यातायात की सुविधा प्रदान की जा सकती है। कम से कम उसका आप सर्वे करा लें। सर्वे के साथ साथ ेड लाइन प्रायोरिटीज आप फिक्स कर। इसमे वे लोग आश्वत ो सकते है कि एक स्वर्णिम दिन ऐसा आ सकता है जब उनको रेल मिलेगी और वे भी विकासोन्मुख हो सकेगे। आप के पास कर्मचारी है, टीम्ज है सब सुविधाये है और उनका उपयोग करके आप सर्वे करवा सकते है।

पिलफ़ेज, चोरियो के सम्बन्ध मे भी आप ने कहा है। चोरिया इस कदर ज्यादा होती है कि जो यात्रियो की सुविधा की चीजे है उनको भी चुरा लिया जाता है। चोरों को पकड़ने के लिए आपके पास पुलिस है। आपने कहा है कि वह बडी कुशलता के साथ अपना काम कर रही है। अगर ऐसी बात है तो वह बधाई की पात्र है। उसको और अच्छी तरह से काम करने के लिए और भी ज्यादा मुस्तैदी से काम करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।

अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से रेल मंत्री महोदय को मैं धन्यवाद देना चाहता हूं और यह कहना चाहता हूं कि जो पिछडे हुए इलाके हैं, उनका सर्वे कराने का वह आश्वासन दें ताकि जब कभी भी साधन हों हमें रेलवे लाइने दी जा सके।

श्री ज्वाला प्रसाद दुबे (भंडारा): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से रेल

मंत्री जी तथा अन्य रेलवे अधिकारियों को धन्यवाद देता हूं और बजट के प्रावधानों का समर्थन करता हूं ।

यह सही है कि गत कुछ वर्ष रेलवे को बहुत कठिनाई मे निकालने पडे और उसके बाद आपात्कालीन स्थिति लगने के बाद आज ऐसी परिस्थिति है कि रेलवे के चलने मे बहुत सुधार हुआ है । मगर अभी भी बहुत कुछ सुधार बाकी है । रेलवे की बीमारिया कोई नई नही है, ये बहुत पुरानी बीमारिया है । शायद देश की परिस्थिति कल सुधर जाये, आपात-कालीन स्थिति तो निकल जायेगी, लेकिन यह रेलवे की जो पुरानी बीमारिया हैं, जो आज आपात् स्थिति के कारण दबी हुई है, वह समूल नष्ट हो जायेगी या निकल जायेगी, यह सभव नही है। आज आपके कर्मचारी डर से काम कर रहे हैं। एक पुरानी कहावत है—"स्पेयर दी राड एड स्पायल दी चाइल्ड" पहले कर्मचारियो पर दबाव कुछ कम था इसलिए वह मनमानी पर उतर आये थे। आज आपात् स्थिति के कारण उसमे कुछ सुधार हुआ है । मगर यह समझ मे नही आता कि कहां तक वह कर्त्तव्य की भावना से हो रहा है या कहा तक वह सुधार भय से हो रहा है। इसलिए मेरा आपसे यह कहना है कि इस पर ध्यान देने की जरूरत है।

इस साल के बजट मे मुसाफिरो के टिकटो की दरे नही बढाई गई है। गये साल मे ही दो बार टिकटो की दरे बढी थी, अगर अब फिर से बढती तो असतोष बढता। फिर भी मेरा कहना यह है कि रेलवे का जो निचला स्टाफ है उसका रेल यात्रियो के साथ व्यवहार सुधरा नही है। खास कर दिल्ली मे ऐसी घटनाए होती हैं कि आरक्षित सीट वाले लोग तो बाहर खड़े रहते हैं और दूसरे लोग डिब्बे में घुस जाते हैं। अगर उनसे चर्चा करते है तो वह कहते हैं कि हम रेलवे कंडक्टर को मिला लिया हैं । दिल्ली खास में इस तरह की घटदाएं होती है, यह दु:ख का विषय है। जो निचले दर्जे के कर्मचारी हैं, बहुत हद तक उनकी आदतें ऐसी है कि वह तनख्वाह से ज्यादा ऊपर की आमदनी पर निर्भर करते हैं आपको इस पर सख्त नजर रखनी पडेगी और इन चीजो के सुधार की ओर ध्यान देना पडेगा ।

आज ही मैंने दो समाचार पत्र देखें है । गोंदिया से एक बारात को रेल मे बैठा दिया गया और कहा गया कि यह डब्बा तो 'सिक' है और फिर पैसे लिये गये हैं। इसकी जब शिकायत की गई तो डिविजनल मैनेजर वहा आये । उन्होने कहा कि क्या 15 रुपये की बात उठाई है, आप तो इतने बड पत्र वाले है। यह सवाल 15 रुपये का या 1 रुपए का नही है, यह रोग का सवाल है जो कि पुराना लगा हुआ है । मैं इस समाचार की कटिंग आपको भेजूगा। इन कर्मचारियो पर सख्त नजर रखने की जरूरत है, बिना इसके यह रोग मिटेगा नही ।

माल ढुलाई की दरे बढाई गई है। आप कितनी ही दरे बढाते रहिए, जब तक मूल रोग नही निकलेगा, यह बीमारी दूर नही होगी। कहा जाता है कि इस समय रोड से कपीटीशन हो रहा है। यह क्यो न हो ? होना चाहिए। जब आप देश के लोगो को रेल की सुविधाए नहीं उपलब्ध करा सकते तो वह दूसरे रास्ते ढूढेगे ही, ट्रको से माल ले जायेंगे। माल बाबू के दफ्तरो मे शिकायते होती ही रहती हैं। ये पुरानी पुश्तैनी शिकायते है, इनमें आपात् स्थिति मे कुछ सुधार हुआ जरूर है लेकिन यह रोग पूरी तरह नही गया है। मुझे तो एक किस्सा याद है जो श्री श्रीप्रकाश जी या श्री श्रीमन्नारायण, जो कि गवर्नर थे, ने "रेलवे के चूहे" शीर्षक से लिखा। वह इस प्रकार है :—

[श्री ज्वाला प्रसाद दुबे]

मेरठ में माल के दफ्तर में माल बाबू मिठाई के पार्सल खोल कर कुछ मिठाई खा रहे थे, इतने में कुछ मेहतर लोग वहां आये। वह कहने लगे कि बाबू हमारे मिठाई के पार्सल कानपुर से आये होंगे। वहां एक बड़े सेठ की बारात आई थी, वहां मिठाई बहुत बच गई तो वहां के मेहतरों ने उस बची हुई मिठाई में से दो पार्सल हम लोगों के पास भेज दिये हैं। यह बात सुन कर बाबूओं का चेहरा इतना उतर गया कि हम मेहतरों की भेजी हुई जूठी मिठाई खा रहे है।

मेरे क्षेत्र में गोंदिया रेलवे स्टेशन पर आपात-कालीन स्थिति के लागू होने के बाद कुछ दिन तक स्थिति ठीक रही। लेकिन अब माल-बाबुओं ने फिर पुरानी हरकतें शुरू कर दी है। वहां से सब्जी भिलाई और नागपुर जाती है माल-बाबुओं ने माल को रोकना और पैसा मागना शुरू कर दिया। इस बारे में कुछ व्यापारियों ने फ़ोन पर मुझ से कन्टेक्ट किया। मैंने उनसे कहा कि वे डटे रहें, देखते हैं कि क्या होता है। मैंने उन से पैसा दे कर भ्रष्टाचार में भागीदार न बनने के लिए कहा। जो लोग पैसा देते हैं, उन के पार्सल छोड़ दिये जाते हैं और दूसरों के पार्सल रोक लिए जाते हैं। आप जानते हैं कि ज्यादा देर पड़ रहने पर फल-सब्जी ख़राब हो जाते हैं। मैंने सुना है कि उन व्यापारियों ने प्रधान मंत्री और रेलवे मंत्री को भी लिखा। इस बारे मे जांच की गई। एक जांच करने वाले अधिकारी उन्हीं व्यापारियों को डांटने लगे। मैंने डिविजनल सुपरिण्टन्डेट को फ़ोन किया। वह आये और तब वह मामला ख़त्म हुआ।

मेरे कहने का अर्थ यह है कि रेलवे के काम में सुधार हुआ है और ट्रेनें ठीक ढंग से चल रही हैं —ईश्वर करे, सब काम इसी तरह चलता रहे—, लेकिन निचले दर्जे के कर्मचारी अभी भी अपनी पुरानी आदतों को सुधार नहीं पाये हैं —और शायद सुधार भी नहीं पायेंगे। इस लिए यह बहुत जरूरी है कि निचले दर्जे के कर्मचारियों पर, चाहे व यात्रियों की सुविधाओं को देखने वाले हों और चाहे माल की ढुलाई से सम्बन्धित हों, बहुत सख्त नजर रखी जाये।

मंत्रालय की रिपोर्ट में सामाजिक जिम्मेदारियों का ज़िक्र करते हुए पेज 94 पर कहा गया है कि फल, सब्जी, ईंधन और चारे को छोड दिया गया है। मगर जो बजट बना है, उस मे चारे को भी नहीं छोडा गया है, अन्य चीजो की तो बात ही क्या है। मैंने चारे के सम्बन्ध में मंत्री महोदय से कमेटी मे निवेदन किया था। मैं फिर कहना चाहता हूं कि बम्बई मे चारा गुजरात के बार्डर मे आता है। अगर मंत्री महोदय इस तरफ़ ध्यान नही देंगे, तो वहां दूध के दाम बढ जायेगे। ग़रीब और अमीर सभी दूध, चाय, काफी पीते हैं। इस लिए मत्री महोदय को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

रिपोर्ट मे पेज 108 से 119 तक पर अनुसंधान और स्वदेशीकरण के बारे में ज़िक्र किया गया है। उस मे कहा गया है कि इस समय हमारे डीज़ल इंजिनों और बिजली के इंजिनो के 16 से 18 प्रतिशत तक पुर्जे विदेशों मे मगाने पड़ते हैं। मैं देश के मध्य भाग मे रहता हू। आप जानते हैं कि वहा पर शस्त्र बनाने के कई कारखाने है और लडाई के जमाने में वहीं से माल भेजा जाता है। लड़ाई के समय विदेशी मदद बन्द हो मकती है। इस लिए इन सब पुर्जों को अपने देश मे ही बनाने के लिए विशेष कोशिश करनी चाहिए। हमारे यहां प्रतिभा की कमी नहीं है। हमारे पढे-लिखे युवकों को मित्र-देशों में भेज कर इस बारे में प्रशिक्षण

दिलाना चाहिए और इस कमी को दूर करना चाहिए।

रेलवे लाइनों के बारे में मंत्री महोदय ने बताया है कि पैसे की कमी है। प्लानिंग कमीशन पर विशेष जोर दे कर इस के लिए धन प्राप्त करना चाहिए। पचास मेम्बरों ने दस्तखत कर के प्रधान मंत्री, रेल मंत्री और रेलवे बोर्ड को एक ज्ञापन दिया था कि गोंदिया और जबलपुर की जो छोटी लाइन है वह बड़ी लाइन में परिवर्तित की जाये जिस से कि मध्यवर्ती भाग जो उसका उत्तर और दक्षिण से पूरा सबन्ध हो जाय। यह हो सकता है और इसमें काशी विश्वनाथ से रामेश्वर तक सीधी रेलगाड़ी चल सकती है। उत्तर का माल दक्षिण तक और दक्षिण का उत्तर तक आ-जा सकता है। मगर जब तक गज नही बदलेंगे, तब तक उन को इटारसी, बीना भोपाल और आगरा की तरफ उल्टे जाना पड़ता है और फिर सीधी रेलवे लाइन मिलती है। तो मेरा निवेदन है कि इस को प्राथमिकता दी जाय और इस काम को जल्दी किया जाय क्योंकि यह एक राष्ट्रीय विषय है। उत्तर और दक्षिण का इस से मिलाप होता है।

हमारी कुछ और छोटी छोटी समस्याएं हैं जिन के लिए मैं सदन का ज्यादा समय नहीं लेना चाहता, उन को मैं लिख कर आप के पास भेज दूंगा। इन शब्दों के साथ मैं आप को धन्यवाद देता हूं।

श्री चन्द्रिका प्रसाद (बलिया) अध्यक्ष महोदय, इस आपात् काल की स्थिति में रेल के मजदूरों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने माननीय रेल मंत्री के नेतृत्व में जो काम किया है वह सराहनीय रहा है। उस से देश का जो प्रशासन हमारा रहा है उसको जनता के अन्दर सम्मान मिला है और हमारे नेताओं की मर्यादा बढ़ी है। आज जो बजट उपस्थित है उस का मैं स्वागत करता हूं। यहा रेल राष्ट्र की सम्पत्ति है। लेकिन इस रेल के बजट में अपनी मैं शकल देखता हूं देश के पिछड़े और बैकवर्ड पाकेटस् के संदर्भ में तो थोड़ा सा धक्का लगता है और निराशा होती है। आप देखेंगे कि साढ़े सत्रह करोड़ रुपया दिया गया है जिसमें 13 करोड़ प्रधान लाइनों के लिए रखा गया है और बाकी तीन, साढ़े तीन करोड़ रुपया जो बचता है जिस के लिए पी० ए० सी० ने कहा था कि 14 लाइनें हैं जिन को ब्राड गेज करना है या नई लाइनें निकालनी हैं उन के लिए यह तीन करोड़ रुपया दिया गया है। तो इस तरह से आप देखेंगे कि बैकवर्ड एरियाज में कितना काम हो सकेगा? आप अध्यक्ष महोदय, खुद बैकवर्ड एरिया से आते हैं और आप को इस के बारे में कुछ खुद जानकारी है। मेरा निवेदन है कि आरा से सिनहाघाट और सिनहाघाट के बाद बकुलहा तक रेलवे लाइन से जोड़ दिया जाय तो इस पिछड़े क्षेत्र के विकास में इस से बड़ी सहायता मिल सकती है। रेल की पटरी जो है वह लाइफ लाइन है और जब तक वह बढ़ेगी नहीं तब तक आप चाहे कि सिर्फ कुछ हिस्से से आमदनी ले कर देश को आगे बढ़ा सकें तो वह नहीं हो सकेगा। देश कमजोर रहेगा, मजबूत नहीं हो सकेगा।

रेल मंत्रालय से और रेल मंत्री से हमारी शिकायत नहीं है। लेकिन योजना मंत्री अभी जवाब दे रहे थे कि मैरिट पर सब केसेज देखे जाते है तो मैं कहता हूं कि मेरिट पर देखे जायं। आप ने देखा कि हिमांचल प्रदेश में नांगल तलवारा लाइन का उद्घाटन मुख्य मंत्री और रेल मंत्री ने जा कर किया। अगर वह कार्माशियली जस्टिफाइड नहीं थी और मेरिट पर नहीं थी तो हमारे रेल मंत्री ने कैसे जा कर उसका उद्घाटन किया? और हमारे यहां के

[श्री चन्द्रिका प्रसाद]

लिए तो कमिटमेंट है रेल मंत्री का। छितौनी बगहा लाइन जहांकि प्रधान मंत्री जा चुकी हैं, उन्होंने खुद उसका उद्घाटन किया था, रेल मंत्री गए हुए थे और कमलापति जी हमारे नेता थे उस समय, वह भी गए हुए थे क्या वह जस्टिफाइड और मेरिट पर नहीं है? अगर रेल मंत्री और प्रधान मंत्री के वहां जाने के बाद भी वह चीज बजट में नहीं आती है तो हम इस से क्या निष्कर्ष निकालें? स्वर्गीय रेल मंत्री ने कहा था कि रेल में घाटा हो चाहे फायदा हो, लेकिन जो पिछड़े हुए पाकेट्स हैं जहां कि अंग्रेजों की गुलामी के समय से आज पचास वर्षों से कोई काम नहीं हुआ है, वे पिछड़े क्षेत्र जिस जगह पर थे उसी जगह पर खड़े हैं, एक इंच भी लाइन वहां नहीं बनी है, उन क्षेत्रों में लाइन ले जाने का काम किया जायेगा। तो आज 27 वर्ष की आजादी के बाद भी और आपात काल में जो प्रगति और आमदनी हुई है जिस में उन क्षेत्रों का भी हिस्सा है उसके बाद भी वहां काम नहीं होता है तो हमारी समझ में नहीं आता है कि कब वहां काम शुरू होगा? यह सदन के लिए प्रतिष्ठा का सवाल है। जहां प्रधान मंत्री और नेता जा कर उद्घाटन करें उसके बाद भी काम शुरू न हो तो इस से क्या नतीजा निकाला जा सकता है? मैं निवेदन करूंगा कि नांगल तलवारा लाइन का निर्माण किया जाय और इसी तरह हमारे यहां की सहजनवा दोहरीघाट लाइन है, उस का काम हाथ में लिया जाय। इलाहाबाद से भटनी को जो छोटी लाइन है उस को बड़ी लाइन में बदलने की बात है। वह कार्माशियली जस्टिफाइड है, उसको क्यों नहीं किया जाता है? योजना आयोग की तरफ से जो बात कही जाती है, हमने देखा है कि दक्षिण में इस से भी कम कर्माशियली जस्टिफाइड लाइनें हैं उन को पैसा दिया गया है और उन पर काम शुरू हुआ है तो जिन के लिए हम बारबार कहते हैं उन पर काम क्यों नहीं शुरू किया जाता। रेल मंत्री ने कहा है कि हम बात कर रहे हैं, प्लानिंग कमीशन से और प्रधान मंत्री से भी बात कर रहे हैं। हम को दिखाई पड़ता है कि उन को दर्द है और वह चाहते हैं कि बैकवर्ड पाकेट्स जहां है वहां रेल की लाइन पहुंचे।

हम पुल मांगते हैं तो पुल भी नहीं बनाते हैं। आपने योजना बनाई थी कि कानपुर और मोकामा के बीच में एक पुल गंगा पर बनाया जायगा। मैंने उस के लिए सुझाव दिया था कि बक्सर के पास उसे बना कर और तीन चार रेलवे लाइनों से उसे कनेक्ट करके उधर के बैकवर्ड पाकेट्स को डवलप करने का काम किया जा सकता है। पुल के लिए प्रति वैगन 35 रुपया लिया जाता है। उक्त धन का क्या हुआ? बैकवर्ड पाकेट्स जो है, बलिया, आजमगढ़, गाजीपुर के लोग आसाम में, भोपाल में और हैदराबाद में, देश के प्रत्येक भाग में बैठे है। उनके आने जाने में महीनों लग जाते है। हमारे मंत्री जी अभी हैदराबाद गए थे वहां पर लोगों ने गंगा गोदावरी ऐक्सप्रैस के लिए प्रेस किया। हैदराबाद में रोज तीन बोगी के पेसेंजर हैं लेकिन हफ्ते में एक बोगी मिलती है। फिर रेलवे की आमदनी कैसे बढ़ेगी? प्लानिंग कमीशन की जो योजना है वह है लेकिन रेलवे मंत्रालय में जो लोग बैठे हैं उनको देखना चाहिए कि कार्माशियली वह जस्टिफाइड हैं, पैसेंजर भी है लेकिन बोगी नहीं मिलती है। ऐसी हालत में जो बैकवर्ड पाकेट्स के लोग हैं वे अपने घर कैसे जायगे। भोपाल से मांग हो रही है कि भोपाल को बनारस से जोड़ा जाये। हमने कई बार मांग की है। आपने साबरमती एक्सप्रेस दी है लेकिन वह 40 घंटे में बनारस पहुंचती है। एक यात्री का 40 घण्टे में कितना खर्चा हो जायेगा? जितना किराया नहीं होगा उससे अधिक उसका और

खर्चा हो जायेगा। आप कम से कम भोपाल को इटारसी से जोड दीजिए तो एक बोगी से हम सीधे बनारस आ सकते हैं।

इसी तरह से आपने देखा होगा कि पश्चिम बगाल मे जो कोल बेल्ट आसनसोल है वहां पर बैकवर्ड पाकेट्स के लोग कोल फील्डस मे काम करते है। वहा जो सा ी गाडिया जायेंगी वह आसनसोल मे ओरिजिनेट नही होती, कलकत्ता, बाम्बे, मद्रास मे आती है। उनको कुछ आसनसोल से भी ओरिजिनेट होना चाहिए।

बलिया जोकि इतना बैकवर्ड और उपेक्षित है वहा पर आजादी के 27 वर्षो के बाद एक इंच भी आगे नही बढ सके है। हमने वहा पर माग की थी कि वन-अप और टू-डाउन गौहाटी मेल, जिसका डाइवर्जन हर जगह हो रहा है, हमारे यहा भी होना चाहिए। लेकिन मंत्री जी ने कहा वह सम्भव नही है फिर भी हम एक गाडी देगे। मुझे विश्वास है उनके ऊपर कि वे एक गाडी देगे। लेकिन जो छो ी छोटी चीजे हैं जैसे हम बलिया वाया रसरा, मऊ, इलाहाबाद तक बोगी मागते है परन्तु वह भी नही होता है। इसी तरह बलिया मे वेस्टर्न लेविल पर क्रासिंग का सवाल है। मंत्री जी बलिया गए होंगे, बलिया शहर के बीच मे यह पडता है। हनुमन्तैया जी ने कहा था कि वह लेविल क्रासिंग बना दी जायेगी लेकिन वह नही हुआ। वहां पर घण्टे दो घण्टे के लिए गाडी रुक जाती हैं। मंत्री जी को भी अनुभव होगा कि वहा कितनी देर के लिए रुकना पडता है। दस साल से मैं इस चीज को उठा रहा हूं लेकिन वह क्रासिंग बन नही पा रही है।

इसी प्रकार से जो बलिया से रसड़ा लाइन है, वहां के लोग इलाहाबाद जाना चाहें तो या तो बलिया आवें या फिर इन्दारा या मऊ जायें। हम नही कहते आप नई गाडी चलाये लेकिन जो गाडिया बलिया-बनारस चलती है उनका आप डाइवर्जन करके रसडा की तरफ ले चलें। हम आपसे पैसे की बात करेगे तो आप कहेगे पैसा है नही लेकिन कम से कम यह जो छोटी मोटी बाते है उनको आप पूरा करके जनता को कुछ राहत पहुंचा सकते है।

बीस सूत्री कार्यक्रम के सम्बन्ध मे मैं कहना चाहता हूं कि जो देश के बैकवर्ड पाकेट्स हैं वहा पर डिवीजनल लेविल पर एन ई रेलवे मे हैंड.क्राफ्ट सेण्टर नही है। रेलवे कन्वेन्शन कमेटी मे होने के नाते मुझे हर जगह देखने को मिला है और मैं समझता हू रेलवे एम्प्लाईज के लडको को, उनकी औरतों और बच्चो को यूनिफार्म की सिलाई से तीन चार रुपये रोज की आमदनी हो सकती है। इस प्रकार के सेण्टर बलिया, आजमगढ, गाजीपुर मे खोल दिए जाये तो उससे बहुत लाभ पहुच सकता है लेकिन एन ई रेलवे इस काम को ठेकेदारो मे करवाती है। इसी प्रकार से जो रेलवे को रोज की जरूरियात की चीजे है उनको पूरा करने के लिए डिस्ट्रिक्ट लेविल पर बलिया, छपरा, बनारस के बीच मे कारखाने लग जाये जैसे स्लीपर काटने और पटरी जोडने के लिए तो लोगो को काम भी मिलेगा और मजदूरी भी मिल सकेगी।

इसी प्रकार से मै कहना चाहता हू कि बीस सूत्री कार्यक्रम जो क्लास थ्री और क्लास फोर के एम्प्लाईज हैं उनका अपग्रेडेशन होना चाहिए। कई बार कमेटियों में कहा है, जवाब मिला है लेकिन आजतक उनका अपग्रेडेशन नही हुआ। इसको जल्दी से करना चाहिए ताकि उनका उत्साह बढे। लायल वर्कर्स जो है उनके लडकों के लिए जैसा कि झा जी ने कहा और कमेटी की मांग की, मैं कमेटी की मांग तो नहीं करता लेकिन मैं चाहता हूं जो लायल वर्कर्स है क्लास थ्री और क्लास फोर के पहले तो उनके

[श्री चन्द्रिका प्रसाद]

लिए होना चाहिए, उसके बाद फर्स्ट और सेकेण्ड क्लास के लिए हो तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है। जब तक यह नहीं होता है तब तक बजट में कुछ न कुछ प्राविजन होना चाहिए।

मेरा निवेदन है कि देश के पिछड़े अंचल, बैकवर्ड एरियाज के लिए पंचवर्षीय योजना में एक प्लान बनना चाहिए। इनके लिए एक मास्टर प्लान बनाया जाये जिसमें उनको प्रायर्टी दी जाये। जो भी पैसा हो, जैसा कि हमारे हिमाचल के साथी ने कहा, जहां हमारी प्रधान मंत्री गई थीं, जहां तक हमारे यहां पटना इलाहाबाद का सवाल है उसके लिए प्रायर्टी नं० वन, टू, थ्री लेकर कुछ करना चाहिए।

13.00 hrs.

छपरा में रेलवे के प्लानिंग के बारे में अभी श्री विभूति मिश्र जी बता रहे थे, छोटी लाइन से बड़ी लाइन हो रही है, लेकिन यह ख्याल नहीं रखा कि जब छोटी लाइन उखड़ जायगी तो पटना के लोग कैसे जायेंगे, रात भर में चार बार ट्रेन बदलेंगे तब पटना पहुंचेंगे। इस तरह की प्लानिंग नहीं होनी चाहिए, जहां पर बड़ी लाइन न हो, वहां छोटी लाइन नहीं उखाड़नी चाहिए। जब छपरा तक बड़ी लाइन हो जायगी तो जो लखनऊ से गोहाटी जायेंगे उन को ट्रांशिपमेन्ट छपरा में करना पड़ेगा। जितनी गाड़ियां आसाम जाती हैं, दिल्ली, कानपुर या लखनऊ से, उन सब का ट्रांशिपमेण्ट छपरा में होगा तो इस मे बहुत परेशानी बढ़ जायगी। इस लिए कुछ गाडियों का ट्रांशिपमेण्ट बनारस में होना चाहिए। जो मेल ट्रेन कानपुर लखनऊ से चले, गोहाटी के लिए, वे बलिया, गाजीपुर, आजमगढ़ होकर चलनी चाहिए।

MR. SPEAKER: Shri Jagannath Mishra will start after lunch.

The House stands adjourned till 2.00 P.M.

13.01 hrs.

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Fourteen of the Clock.

The Lok Sabha reassembled after Lunch at five Minutes past Fourteen of the Clock.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

RAILWAY BUDGET, 1976-77—GENERAL DISCUSSION—*contd*

श्री जगन्नाथ मिश्र (मधुबनी) : रेलवे बजट या सामान्य बजट सदन में पेश होने के पूर्व लोगों की आम धारणा और विश्वास यह था कि इस साल का रेल बजट घाटे का होगा और कीमतें आदि बढ़ जाएंगी। लेकिन कहना न होगा कि उनको निराशा ही हाथ लगी है। रेल बजट पेश होने के पूर्व उनके मन में जो शंका थी और एक धुंधला सा वातावरण छा गया था वह सब छट गया है उसके स्थान पर एक सुन्दर वातावरण छा गया है और लोगो ने बड़े जोश खरोश से इस बार की होली बनाई है।

लोगों का विश्वास था कि रेल बजट घाटे का बजट होगा। लेकिन पंडित जी ने जो बजट पेश किया है वह मुनाफे का बजट है। ऐसा करके उन्होंने लोगों के हौसले बढा दिए है। इतना ही नही प्रधान मंत्री के बीस सूत्री आर्थिक कार्यक्रम में जो एक निदेश है कि कीमतें न बढ़ उसका भी इन लोगो ने काफी ख्याल रखा है और कीमतें नही बढाई है। रेल किराया ज्यों-का-त्यों रखा गया है। इससे भी लोगों को बडी खुशी हुई है। 1974-75 में 1 अरब 13 करोड 80 लाख के घाटे का अनुमान था और 1975-76 में यह घाटा केवल 62 करोड 80 लाख रहा। अब की बार अर्थात् 1976-77 का बजट मुनाफे का बजट है। मुझे आशा है कि जिस मुस्तैदी से काम किया जा रहा है और सतर्कता बरती जा रही है मेरा विश्वास है कि अगला वर्ष भी इस वर्ष की तरह से अच्छा वर्ष सिद्ध होगा और नफे का वर्ष वह भी होगा और घाटे का वर्ष कभी नही हो सकेगा। ऐसा मेरा दृढ़ विश्वास है।

इस बार बचत की राशि 8 करोड़ 98 लाख है अर्थात् करीब-करीब नौ करोड़ है। इस में यात्री किरायों में कोई वृद्धि नहीं की गई है। इस बजट को सर्वांगीण रूप से सफल बजट इसलिए कहा जा सकता है कि इस में हर तबके के लोगों का ख्याल रखा गया है। जन साधारण के ऊपर बोझ न पड़े इसका भी ख्याल रखा गया है। कर्मचारियों की सुविधा का भी पूरा ख्याल रखा गया है। सब बातों को ध्यान में रखते हुए ही खाद्यान्नों, उर्वरकों, खाद्य तेलों, तिलहन, नमक, गुड़, शक्कर आदि चीजों पर भाड़े की दर में किसी भी प्रकार की वृद्धि नही की गई है। लेकिन पैसे की जरूरत तो पड़ती है और पैसा प्राप्त करने के लिए कुछ प्रयास करना ही पड़ता है, कुछ काम करना ही पड़ता है। जो भी तरक्की के काम करने है उनके लिए पैसा तो चाहिए ही और उसका इन्तजाम भी करना ही पड़ता है। इस बारे पांच सौ किलोमीटर दूरी तक के लिए भाड़े की दर को पांच प्रतिशत और इससे आगे की दूरी के लिए भाड़े की दर को दस प्रतिशत उन्होंने बढ़ाने का प्रावधान किया है। इससे उनको 87 करोड़ 35 लाख रुपये प्राप्त होंगे। आगामी वर्ष यात्री यातायात में चार प्रतिशत तथा अन्य कोचिंग यातायात में पांच प्रतिशत तथा राजस्व कमाने वाले यातायात मे 1 करोड़ बीस लाख टन की वृद्धि होने की सम्भावना है। विभागीय यातायात के लगभग 2 करोड़ 30 लाख टन को शामिल कर दिया जाए तो 1976–77 मे प्रारम्भ भाड़ा यातायात 22 करोड़ 50 लाख टन होगा ऐसी उम्मीद है। यातायात की सम्भावनाओं के साथ वर्तमान किरायों तथा भाड़ा दरों में कुल प्राप्ति का अनुमान 1868 करोड़ 47 लाख टन लगाया गया है। कार्य व्ययों का अनुमान 1551 करोड़ 42 लाख रुपये लगाया गया है। इसमें कर्मचारियों के वेतन तथा अन्य सुविधायें भी शामिल हैं। विभिन्न मदों के खर्च से 78 करोड़ 37 लाख का घाटा होने का अनुमान है। इसे पूरा करने के लिए भाड़ा यातायात में 87 करोड़ 35 लाख रुपये का अनुपूरक शुल्क लगाने का प्रस्ताव है और इस तरह से बजट में नौ करोड़ के करीब की बचत होगी और घाटे का बजट मुनाफे के बजट में परिवर्तित हो गया है।

गत वर्ष की जो उपलब्धियां है वे भी कुछ बुरी नही है। रेल कर्मचारियों ने जिस कर्मठता की भावना का परिचय दिया है, उन में जो अनुशासन की भावना आई है, उन्होंने जिस मुस्तैदी से काम किया है, उसके लिए मंत्री महोदय बधाई के पात्र है।

फलतः जिस क्षेत्र से मैं आता हूं, वहां लोग हंसी मजाक में कहते है कि आप एन० ई० रेल से आये है, क्योंकि एन० ई० रेलवे में पहुंचने में विलम्ब हो जाता है। लेकिन मै उसके बारे में कहना चाहता हूं कि वह गाड़ी अब समय पर चलती है, और दूसरी गाडियां भी समय पर चलती हैं। लोगों में एक तरह से विश्वास और आस्था बढ़ने लगी है। रेलवे के बारे में लोगों की आस्था बढ़े, रेलवे ठीक से काम करे, इसका प्रतिबिम्ब देश के प्रशासन पर पड़ता है। देश का प्रशासन कैसा है, इसका रिफ्लैक्शन इससे होता है। इस वर्ष जो रेलवे का कार्य हुआ है, यह प्रशंसनीय रहा है और सभी इसकी तारीफ़ करते हैं। जैसा रेलवे का बजट पेश हुआ है, उससे सब को ही खुशी हुई है।

योजना आयोग से 392.81 करोड़ रुपये की राशि रेलवे को प्राप्त होगी, यह पर्याप्त नही है। लेकिन इससे विकास होने की संभावना इसमें अवश्यक है।

सबसे निराशा की बात यह है कि जो पिछड़े क्षेत्र हैं, पहाडी क्षेत्र है उसमें किस

[श्री जगन्नाथ मिश्र]

तरह से गाड़ियों का अभाव है। नई लाइनें वहां पर बिछाने की कोई व्यवस्था नहीं है। इस पर सारा सदन चिंतित है और मैं भी अपनी विशेष चिन्ता व्यक्त करता हूं। उपाध्याय जी, आप घंटी बजा रहे हैं, इससे मैं डर जाता हूं।

Mr. DEPUTY-SPEAKER: This is a request. It is not my pleasant task. But I have been requested by your Whip, because there are a large number of people. You should not take more than seven minutes.

SHRI JAGANNATH MISHRA: I will finish it within three miniutes.

तारीफ की बात यह है कि जो पढ़े-लिखे लोग हैं, इंजीनियर हैं, उनको काम देने की इन्होंने व्यवस्था की है। एक नई संस्था "स्वायत्त कंपनी" "निर्माण इकाई" की भी इन्होंने स्थापना की है।

लेकिन मेरी एक शंका भी है, जो 500 किलोमीटर तक ढोये जाने वाले माल पर 5 प्रतिशत का पूरक प्रभार लागू किया है और उससे अधिक दूरी के लिए 10 प्रतिशत तक का पूरक प्रभार लगाया है इससे ऐसा न हो कि लोग ट्रकों मे माल ले जाना पसन्द करें। इस मे हम घाटे की पूर्ति नहीं कर पायेंगे।

वर्ष 1974-75 में रेलवे के कर्मचारियों की असावधानी के कारण 762 बड़ी-बड़ी दुर्घटनाएं हुई है और छोटी बडी 10,386 दुर्घटनाएं हुई हैं। लेकिन आज मुस्तैदी से काम करना शुरू कर दिया गया है। इससे दुर्घटनाओं की संख्या में कमी हुई है और ठीक से काम चलना शुरू हुआ है। रेल में जो भीड़ बढ़ती थी, उस पर भी नियंत्रण किया गया है। अप्रैल से दिसम्बर, 1975 तक विशेष अभियान चला कर रेलों में भीड़ को कम किया गया है और यह भी देखा गया है कि लोग बिना टिकट न चढ़ें। इससे रेलों की आमदनी बढ़ने की व्यवस्था हुई है। इस तरह से इन लोगों का काम अच्छा हुआ है।

अपनी बात समाप्त करने से पहले मैं यह और निवेदन करना चाहूंगा कि हमारे भूतपूर्व स्वर्गीय रेल मंत्री ने इस सदन में घोषणा की थी कि जो क्षेत्र पिछड़े हुए हैं, पहाड़ी हैं, जहां रेलवे लाइन की जरूरत है, वहां रुपया न होना कोई कारण नहीं हो सकता है, वहां पर लाइन बिछायेंगे। इस प्रकार से कुछ रेलवे लाइनें बिछाने का काम शुरू हुआ, लेकिन उनके निधन से इस काम में गतिरोध पैदा हो गया है, जिससे बहुत निराशा है। मैं मंत्री महोदय से निवेदन करूंगा कि वह नया काम शुरू करें, या न करें, लेकिन जो काम शुरू हो चुके है, उन्हें पूरा कर के वे यश के भागी बनें।

SHRI SHYAM SUNDER MOHAPATRA (Balasore): The Indian Railways is one of the largest economic and commercial complexes of our country. Hon. Shri Kamlapati Tripathi is presiding over this important complex, aided of course, by our charming and efficient Minister, Mr. Qureshi. This complex is the second largest in the world when we consider the railway systems of the world. It has 60,301 km railway line and has an employment potential of 1.44 million. Everyday 6.7 million passengers travel on the Indian railways. 5,39,000 tonnes of goods are booked everyday and 9,500 trains are run. So, we can consider the magnitude and importance this railway Ministry has.

When we consider the Railway Budget, I will not say that the railway budget should be considered in isolation or the General Budget should be considered in isolation. It is the totality we should consider and the totality is the Prime Minister's 20-point programme. Out of this 20-point pro-

gramme has emanated this railway budget which after three years has given us all a pleasant relief as there is no increase in the railway fares. People were groaning under discontent and millions of people, half-clad and half-fed were groaning under the high rail fares and there was not a single railway budget without any hike in the fare but this time the Railway Minister has done yeoman good to the millions of our countrymen

This Budget as far as adjustments are concerned, certainly affects so many items like petrol, benzene, etc.

At 500 km, the freight rate will go up by Rs 5 a tonne and at 2500 km by Rs 34. Kerosene will go up by Rs 2 90 a tonne at 500 km and by Rs 21 20 at 2,500 km The rate of sugar will also be up by Rs 2 70 a tonne at 500 km and by Rs 18 20 at 2500 km Timber, paper in rolls and reels will be charged the same rate There will also be a marginal rise in coal rates by Rs 1 70 a tonne at 500 km and Rs 11 50 at 2500 km. It will also boost up the rate of sugar cane, iron ore, limestone, dolomite, gypsum and seeds But, at the sam time, I must confess that as far as the household goods are concerned, the housewife will heave a sigh of relief as more than 35 per cent of the common items have been spared Here, our hon Minister has done the greatest good to our family budget But our business magnates have a different view Mr Harish Mahendra, who was the Chairman of the Federation of Indian Chambers of Commerce and Industry says :

"This budget would hardly assist industry to bring down prices"

He goes on to say:

"Coming as it did in the wake of a massive increase in the posts and tele-communication rates this would add to the burden of the industry"

It may add to the burden of the industry but only marginally but it has done quite a lot of good to the masses of our people.

As far as Orissa is concerned, I will request the Minister of State to think about my State which is one of the poorest States, in the words of Mahatma Gandhi. There is a small railway line connecting Rupsa and Balasore. It is a small metre gauge line. I have been telling here for the last five years that this small line should be developed into a broad gauge line and connected with Howrah-Madras route Then it will develop the tribal district of Mayurbanj and the entire Singhbhum district and it will also open up a vast hinterland The hon Minister Mr Quiashi promised to go into it Probably the Uneconomic Lines Survey Committee has gone into it and I think the report is waited I hope the hon Minister will kindly look into it and sanction the line which will develop this tribal area but also add to the importance of the economic growth in that backward State

While thinking of Orissa, I also think of Sikkim, the newest State which has joined us There is no railway line there The hon Member from Sikkim, Mr Ray, was telling me that there was a narrow gauge railway line upto Teesta Valley before 1950 Will the Government consider laying a railway line below Gangtok which will add to the economic importance and economic growth of the State Sikkim?

Then Sir, the Government and the Railway Ministry were very kind enough to consider a total outlay of Rs 35 crores for Banspani-Jakpura line But as if to add insult to injury, last year only a sum of Re 1 lakh was sanctioned The people of Orissa are very much frustrated that as against Rs 34 crores needed only a lakh of rupees has been sanctioned. Is it not hypocrisy one might ask?

It is not hypocrisy, I must say, since this Government is dedicated to the welfare of the people, it is a matter of shame that in this year's budget the provision is only of Rs 1 3 crores The people of Orissa have been demanding and the Government had agreed to a new railway line costing Rs 34 crores then why this provision of only Rs 1 crore and odd has been made ?

[Shri Shyam Sunder Mohapatra]

I also bring another salient point to the notice of our hon. Minister There is a tribal district Koraput near Andhra border. There is no railway line. No passenger and goods service has been introduced in DBK Railway line. I will suggest that some railway line should come from Jagtalpur, Navrangpur and Kantalbanji. That will add to the economic importance of the State.

We have a MIG factory, there. We have a Ferrosilicon factory there. We are going to have so many complexes around Bolimela and Kalimela projects. A large number of irrigation and other projects are coming up. A new railway line is a must

I got a telegram from the South Eastern Railwayman (Congress) only last week intimating that at Khurda-road Division 300 people have been retrenched. They are those loyal workers who gave blood during the strike in 1974. They stood by the call of the Minister and the Prime Minister. I have got a telegram that they have been retrenched I do not know the reason there for. Hon. Minister may kindly intervene to see that these 300 loyal workers who stood by the Government in hours of crisis are reinstated immediately and there should not be any lurking fear in their minds that this Government is not going to stand by them although they have been loyal.

SHRI DHARNIDHAR DAS (Mangaldai): Mr. Deputy Speaker, this Railway Budget reflects the economic compulsion of emergency. We must admit that emergency has created several favourable factors to present such a budget. This is not a deficit budget and at the same time it has not increased fares and freights, specially of essential commodities. What is more important in so far as the emergency is concerned is that Railways were sought to be used as the lever, by the right reactionary and fascist forces to overthrow the democratic and secular foundation of our State system. In the emergency, the Railways have served as the best example of discipline, punctuality and service to the people. Credit certainly goes to the Railway Minister Mr. Tripathi and his able colleague Mr. Qureshi for having tackled the problems of the Railways in such a way that they could convince the workers that these Railways belong to the people, to the country and to the workers as well. So, the situation that gave rise to the emergency in the country has been averted by the Railway workers—about two million in number—by maintaining discipline in the country. So, I join other Members in congratulating the Railway Minister Shri Tripathi and his colleague Shri Qureshi and others. But, we are still passing through the critical times of emergency. There are many subversive elements still working in some pockets of the Railways to which I drew the attention of the Railway Minister. Most of them have been weeded out A cleansing process is going on. But still something has to be done to completely weed out subversive and disloyal elements from the Railways for the security of the nation.

Then there is one other important point to which I would like to refer and which had been stressed by the Prime Minister at the time of the railway strike, that is, for having a national wage policy. It is long overdue To remove the disparities among different classes there should be a national wage policy. And in regard to that, I would draw the Minister's attention to the fact that in the office of the railway board itself the disparity is quite conspicuous. For instance 6 per cent at the top get 30 per cent of the total pay amount of the railway board office establishment and about 25 per cent at the bottom get only 8 per cent of the total pay amount. So there is disparity between different classes of employees even in the office of the railway board. So one can well imagine the disparity that is going on among different classes of employees of the railways; this is, of course, a matter which cannot be discussed in isolation from the general economy.

There should be a general national wage policy for faster economic growth, and Railways being the biggest public sector undertaking in the country has to set an example in this regard by taking an initiative in formulating a new wage policy to fit in with the egalitarian or more precisely, socialistic concept of society

Having said that I would like to draw the Railway Minister's attention to the development policy of the Railways Very small amount is being set apart for the development of the Railways But we cannot ignore the fact that Railways are to provide the main infrastructural complex for the economic development of the country And, being the biggest undertaking in the public sector, it has to lead the way In fact it is to serve as a means to an end and the end was set before the country while explaining the implications of planning by Pandit Jawaharlal Nehru He said that the public sector must act as the cannon at the hilltop to keep under its control the private sector at the foothills' in rebuilding the national economy along socialist line The term social burden been used in the context of the Railway budget is not appropriate So far as the Railways are concerned, they have to serve a social purpose The public sector has a social objective and particularly the railways have this social objective to achieve that is uniform economic development on socialist lines all over the country But that is not done Railways are functioning and operating in such a way that it has helped more regional disparities As we all know the Planning Commission has laid down the policy for removal of regional imbalances So in order to do that, there should be more Railways in the backward areas than in the advanced areas

In this connection I am very unhappy to say that some proposals were made for some backward areas but all kept in abeyance For example, in the case of Assam, I would draw the attention of the Railway Minister to the setting up of a Divisional Headquarters at Rangiya It is hanging fire for more than five years since a promise was made that a Divisional Headquarters would be set up there I do not know what is standing in the way of the construction of a divisional headquarters The State Government have already given the land free of cost Prompt action should be taken in this regard

Another point that I would like to make is that there should be greater opportunity for local employment. This is the most pressing demand of the backward areas, the Railway Administration must see that this demand is fulfilled In the case of Assam, one announcement was made by the late Shri Lalit Narain Mishra that the Railway Public Service Commission would be set up at Gauhati to facilitate recruitment of the local people I would again draw the attention of the Railway Minister to that demand and he would see that the construction work of the Divisional Headquarter at Rangiya is started very soon

With these words I support the Railway Budget

श्री भोगेन्द्र झा (जयनगर) उपाध्यक्ष महोदय, जहा तक रेल बजट का मामला है इससे पहले चोर-दरवाजे डाक-तार विभाग का बजट ले आये फिर आम बजट हमारे सामने आया—इन दोना के मुकाबले मे रेल बजट के लिये धन्यवाद देने की तबियत होती है, क्योकि ये दोना बजट आम जनता पर बोझ डालनेवाले है। साधारण बजट मे तो इस सरकार ने देश की उत्पादन व्यवस्था को करोडपतियो के हवाले कर दिया है जिस के परिणाम आगे चल कर हम लोगो को भुगतने पडेगे।

जहा तक रेल बजट का सम्बन्ध है—कुछ मामला मे रेलवे ने जो सफलता पाई है, उस का जिक्र इस मे आना चाहिये था, जैसे विदेशो मे कुछ रेलवे लाइने बिछाने का काम विश्व टैण्डर के जरिये आप ने लिया है,

[श्री भोगेन्द्र झा]

भविष्य में उस की क्या सम्भावनायें हैं, तनजानिया में क्या बातें हुई हैं—मैं चाहूंगा कि मंत्री महोदय इन के बारे मे अपने जवाब में हमे कुछ बतलायें।

बीस सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत जो काम रेल्वे में हुए है, आपातकालीन स्थिति के बाद जो सुधार हुए है—उन का जिक्र तो है, लेकिन गाडियो के संचालन, उस के प्रबन्ध में मजदूरों के पार्टिसिपेशन के बारे में कुछ नही कहा गया है और वास्तव में कुछ किया भी नही जा रहा है। यह ठीक है कि आपातकालीन स्थिति मे कुछ सुधार हुआ है, लेकिन जो उस के चलाने वाले है, हमारे रेल्वे मजदूरो का सहयोग नही लिया गया, उस को कानूनी रूप नही दिया गया तो ये सुधार अधिक दिनों तक नही ठहर सकेंगे।

आज ठेकेदारो के जरिये एक तरफ तो मजदूरों का शोषण होता है और दूसरी तरफ रेल्वे के वित्त की लूट होती है। अब वक्त आ गया है कि रेल्वे मे ठेकेदारी प्रथा पूरी तरह से खत्म कर दी जाय और मजदूरों के सहयोग से उस को खुद चलाया जाय, इस से पैसे की बचत होगी और उतने ही पैसे से अधिक काम हो सकेगा।

एक बात की ओर मैं विशेष रूप मे मंत्री महोदय का ध्यान दिलाना चाहता हू—कुछ मित्रो ने कहा है—जब देश मे रेल्वे की व्यवस्था को राजनीतिक जनतन्त्र विरोधी कुचक्र के रूप में ध्वस करने के प्रयास चल रहे थे, उस समय सचेत रेल्वे मजदूरों ने हिंसा का मुकाबला किया, गोलिया सही और अपनी जान पर खतरा मोल लिया, आज उन के साथ अत्याचार किये जा रहे हैं। दुर्भाग्य मे इस दर्मियान, वे व्यक्ति जो कबूल कर चुके थे कि व आनन्दमार्गी थे, पहले रेल मंत्री स्वर्गीय श्री ललित नारायण मिश्र की हत्या के बाद जाच के दौरान समस्तीपुर डिवीजन मे कुछ रेल्वे अफसरों ने सी०बी०आई० के सामने कुबूल किया कि वे आनन्दमार्गी थे, उन का प्रमोशन हुआ और आज वे बदला ले रहे हैं, उन लोगों से जो उन के खिलाफ़ थे, ऐसे लोगो को नौकरियों से बरखास्त किया गया है, गिरफ्तार कराया गया है। मैं हवाला दे कर बतलाना चाहता हूं—समस्तीपुर के लोकोमैन श्री नरसिहम, जो फासिस्ट विरोधी तत्वो के खिलाफ़ थे, उन को पुलिस अधिकारियों से कह कर गिरफ्तार कराया गया। मैं यह बात व्यक्तिगत रूप मे पूरी जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूं।

उस मे पुलिस और मैजिस्ट्रट का कोई कसूर नही है क्योकि रेलवे के किसी खास अफसर ने व्यक्तिगत रूप से कह कर उन को गिरफ्तार करावाया है। इसी तरह से श्री शिव प्रसाद सिह को, जोकि रेलवे मजदूर यूनियन के आर्गेनाइजर्डन सेक्रेटरी है, गिरफ्तार करवा दिया क्योकि उन्होने कोयले की चोरी पकडवाने मे साथ दिया था। समस्तीपुर के बारे मे मुझे जानकारी है कि ऐसे मजदूर नेताओ को जो ईमानदारी से काम करते है और चोरी के खिलाफ है और जो देशद्रोही के खिलाफ रहे है, उन्हे गिरफ्तार किया जा रहा है और नौकरी से निकालने का काम तेजी से हो रहा है और ऐसे लोगो को जिन्होंने कबूल किया है कि वे आनन्दमार्ग से सम्बन्धित रहे है और जिनकी पदोन्नति कर दी गई है वे अभी भी उन लोगों से बदला ले रहे है।

एक बात और मैं कहना चाहता हू और वह यह है कि आम कायदा है कि बिना रजिस्टर्ड यूनियन को रिकगनाइज न किया जाए लेकिन वहा पर एक मजदूर यूनियन पूर्वोत्तर रेलवे की है जोकि रजिस्टर्ड है उस को रेलवे बोर्ड ने रिकगनाइज नही किया है जबकि उसी नाम की एक जाली यूनियन है, जो अनरजिस्टर्ड है और जो उस का जाली रजिस्ट्रेशन था उस को रद्द कर दिया गया लेकिन फिर भी उसको रिकगनाइज किये हुए हैं। इस तरह

से यह रेलवे मत्रालय और रेलवे बोर्ड खुलेआम कायदे-कानून का उल्लघन कर रहा है, उस कानून का, जो सारे देश के लिए रिकगनीशन के लिए है, रजिस्ट्रेशन के लिए है, उल्लघन कर रहा है । यह वही यूनियन है जिमको बैंक आफ टोकयो से रुपया मिला है, बैंक आफ टोकियो से अमरीकी डालर मिला है और जाली रजिस्ट्रेशन किये हुए यूनियन को रिकगनाइज किया गया है जिससे खुले-आम जुल्म हो रहा है। इसलिए मैं मत्री महोदय से यह निवेदन करूगा कि जो यूनियन रजिस्टर्ड यूनियन है उसको रेलवे विभाग रिकगनाइज करे और जो देशद्रोह का काम कर रही है, जो तोड-फोड करती है, उस का रिकगनीशन समाप्त हो ।

अन्त मे, मैं यह कहना चाहता हू कि यह जो आप का रेलवे बोर्ड है, इसकी आवश्यकता क्या है। इसको आप भग क्यो नही करते है क्याकि जब और जगह हम मत्रालयो से काम चला रहे हैं तो इस रेलवे बोर्ड की लाश क्या ढो रहे है। मैं चाहता हू कि इस रेलवे बोर्ड को भग किया जाए और दूसरे मत्रालयों की तरह हम काम चलाने का प्रयत्न करे ।

श्री रामशेखर प्रसाद सिह (छपरा) : माननीय उपाध्यक्ष जी रेलवे विभाग एक ऐसा विभाग है जिस का सम्पर्क जनता साथ बहुत ज्यादा होता है और जो कुछ भी रलवे मे होता है, उसका असर आम जनता पर सीधा पडता है ।

जिस दिन यहा पर रेलवे बजट उपस्थित किया गया था, उस दिन मैं सुदूर गाव मे था । हमारे क्षेत्र के लोग ज्यादातर कलकत्ता और आसाम मे जा कर काम करते है क्योकि वह स्थान छोटा है और वहा पर उनको काम नही मिलता है । वहा की आबादी ज्यादा है और वे लोग धनोपार्जन करने के लिए बाहर आते है । इसलिए आने जाने का काम तो लगा ही रहता है । गरीब तबके के वे लोग हैं। इसलिए माननीय मत्री जी ने जो यह बजट बनाया है जिसमे किराये में कोई वृद्धि नही की गई है, इससे उन लोगो को बडी राहत मिली क्योकि साल मे दो तीन बार अपने परिवार के साथ उन को आना पडता है । भाडा बढने से उनके ऊपर और बोझ बढ जाता क्योकि लोग पहले से ही ज्यादा किराया होने से परेशान थे । जब उन्होने रेडियो पर यह सुना कि भाडा नही बढ़ा है तो उन लोगो के दिल मे बहुत खुशी हुई । 1974-75 मे रेल के किराये बढे थे और वे डरे हुए थे कि इस बार भी कही भाडा न बढ जाए लेकिन रेल किराया जो नही बढाया गया है उसके लिए हमारा रेल मत्रालय, रेल बोर्ड के अधिकारी और मत्रीगण सभी धन्यवाद के पात्र हैं । ऐसे समय मे जबकि रेलवेज कठिनाई से गुजर रही है और हर ओर से उस का खर्च बढ़ रहा है, मत्री महोदय ने थोडा सा माल ढोने पर ही भाडा बढाया है और वह भी ऐसी चीजो पर जिन का असर आम जनता पर नही पडता है, उस के लिए आज रेलवे मत्रालय की रेलवे मत्री जी की भूरि-भूरि प्रशसा देश के कोने कोने मे हो रही है।

सब मे बडी प्रसन्नता की बात यह है कि ऐसे व्यक्ति, ऐसे माननीय सदस्य जो डा० राम सुभग सिह के समय मे लेकर ललित बाबू के वक्त तक बराबर रेल विभाग की नुक्ताचीनी करते आ रहे थे और रेल विभाग की निन्दा करते आ रहे थे और जिन को रेल विभाग मे कोई अच्छी बात नही दिखाई देती थी वे लोग भी आज रेल मत्री की प्रशसा कर रहे है। यह एक सुखद विषय है और प्रसन्नता की बात है। मेरा विश्वास है कि ये लोग आगे भी यही विचार रेल विभाग के प्रति कायम रखेगे और रेल प्रशासन की प्रशसा करते रहेगे। मैं आशा करता हू कि रेल विभाग भी अपनी कार्रवाइयो से उनको सन्तुष्ट करने की कोशिश करेगा ।

[श्री रामशेखर प्रसाद सिंह]

इस अवसर पर मुझे दुख के साथ एक बात कहनी पडती हैं । कुछ कुछ काम रेल विभाग इस तरह के कर देता है कि लोगों को नुक्ताचीनी करने का मौका मिल जाता है और लोगो की निगाहे उसकी ओर लग जाती है । हमारे देश मे 55 करोड लोग बसते है और 110 करोड आखे रेल विभाग को देखती हैं । इस वास्ते रेल विभाग को कोई भी काम एसा नही करना चाहिये जिसमे उसकी बदनामी हो या इसकी नुक्ताचीनी करने का मौका इन लोगो को मिले । महन्दरूघाट मे डिपार्टमेंटल कैंटीन चलती थी जिस को अचानक बन्द कर दिया गया है । आप तो जानते ही है कि पटना से उत्तर बिहार जाने वाले लोग रोज करीब दस हजार यहा से पास करते है। महन्दरूघाट मे इन लोगों को खाने पीने के लिए मिल जाता था । बाहर के लोग भी आते थे, उनको भी खाने पीने की सामग्री मिल जाती थी । 24 घंटे के अन्दर इस डिपार्टमेंटल कैंटीन को बन्द कर दिया गया । और कोई आल्टरनेटिव अरेंजमेंट नही किया गया । इससे लोगो को बहुत ही असुविधा का सामना करना पड रहा है । ऐसा भी कहा जाता है कि एक व्यक्ति का नाम रेल मत्रालय से गोरखपुर भेजा गया है और कहा गया है कि उक्त व्यक्ति को वहा का ठेका दे दिया जाए क्योकि वह आदमी शिक्षित बेरोजगार बताया गया है । लेकिन वह आदमी न तो शिक्षित है और न ही बेरोजगार । वह गवार है और उसने इडस्ट्री के लिए लोन वगैरह लिया हुआ है । अगर उसको ठेका दे दिया गया तो मैं सदन मे उसका और भी भंडाफोड करूगा । रेल मत्रालय को चाहिये कि कोई ऐसी बात न हो जिससे लोगो के मन मे किसी भी प्रकार का सन्देह पैदा हो ।

रेल मंत्री महोदय, आप देश के उन महान नेताओ मे से एक हैं, उस पीढ़ी के नेताओ में से एक है जिस पीढ़ी के बहुत ही कम नेता आज बचे हुए हैं और आपको तो इस बात का और भी ज्यादा ध्यान रखना चाहिये । आप मे हम नेहरू, पटेल और पन्त जी का रूप देखना चाहते है । आपके हाथों कोई ऐसी बात नही होनी चाहिये जिससे लोगों के मन को ठेस पहुंचे, दर्द पहुंचे । वहां महन्दरूघाट कैंटीन मे काम करने वाले लोगों ने अपनी एक कैंटीन कोआप्रेटिव बना रखी है । वे बेकार हो गए है । अगर ठेका देना ही है तो उनकी ओर आपका ध्यान जाना चाहिए । अगर आपने किसी को ठेका देना ही है तो जो कर्मचारी महेन्दरूघाट कैंटीन में काम करने वाले बेकार हो गए है उनको ही पहले ठेका दे और बाद मे किसी दूसरे को देने का विचार करें ।

अब मैं आपके माध्यम मे रेल मत्री जी का ध्यान उस बडी लाइन की ओर ले जाना चाहता हू जिस का उद्घाटन करते हुए ललित बाबू शहीद हो गए थे । उस लाइन का काम बढते बढते समस्तीपुर से सोनपुर तक बढ चुका है । सोनपुर तक बडी लाइन मे आने वाला को तथा उसके बाद पटना जाने वालो को पहलेजा तक सोनपुर मे छोटी लाइन मे जाना होगा । बाद में पश्चिम तक बडी लाइन बनने पर यही बात होगा और गोरखपुर के लिए है । यह तीन मील की दूरी है । अगर इसे आप बडी लाइन मे परिणत कर दे तो पटना जाने वालो को असुविधा नही होगी । कुछ दिनों के बाद पश्चिम से पूर्व आने वाले लोग बडी लाइन से आएगे और उन्हे भी पटना जाने के लिए सोनपुर मे गाडी बदलनी पडेगी । अगर आप उसको बडी लाइन बना दे तो सब की असुविधा दूर हो सकती है । अगर आप ऐसा नही कर सकते है तो जिस तरीके से आगरा इत्यादि जगहो पर आपने तीन लाइनो की व्यवस्था बना रखी है, बडी और छोटी लाइनें साथ-साथ बना रखी है और दोनो लाइनें साथ-साथ जाती हैं उसी तरह से यहा भी लाइन आप बना दें ताकि सोनपुर से आने वालों की जरूरतें पूरी हो सकें ।

मेरा विश्वास है कि मंत्री महोदय इस काम की ओर ध्यान देंगे ।

अब मैं अपने क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण विषय आपके समक्ष उपस्थित करना चाहता हूं । पिछली बार बजट भाषण में मैंने छपरा स्टेशन पर अनधिकृत रेल जमीन के टुकड़े पर कब्जे के सवाल को उठाया था। राज्य मंत्री महोदय ने मुझे जो उसका उत्तर दिया है वह बहुत ही निराशाजनक है। जो जवाब छपरा इंजीनियरिंग विभाग के हैड क्लर्क ने उनको लिख कर दिया है उसी जवाब को उन्होंने मुझे भेज दिया है । उन्होंने लिखा है अपने पत्र में कि नियमों के मुताबिक रेल जमीन की बन्दोबस्ती चल रही है। मैं चाहता हूं कि रेल नियमों के मुताबिक ही बन्दोबस्ती का काम चले । लेकिन एक व्यक्ति को दस प्लाट दे दिए जाएं और वह सबलैट करके एक मिडलमैन बन कर और ज्यादा रुपया कमाए, क्या यही नियम है ? क्या नियम यही है कि रेल की जमीन में शराब बेची जाए ? किसी व्यक्ति के मर जाने के बाद बगैर जांच किये ही किसी व्यक्ति को बिना दरख्वास्त मांगे ठेका दे दिया जाये, अगर यही नियम रेल का है, तो मैं दरख्वास्त करूंगा कि इसको बदलें। बीस सूत्री कार्यक्रम में अनधिकृत कब्जा हटाना भी शामिल है ।

मैं मंत्री महोदय को धन्यवाद दूंगा कि सोनपुर में डिप्टी डी० एस० आफिस खोलकर वह यश के भागी बने हैं । मेरी दरख्वास्त है कि छपरा स्टेशन को आप सोनपुर डी० एस० के अधीन ही रख दें ।

तिनसुकिया ट्रेन का टाईमिंग ठीक नहीं है, उसे आप ऐसे समय से चलावें जिससे दिल्ली पहुंचने के लिये आने वाले को सुविधा हो और दिल्ली से जाने वाले को भी सुविधा रहे ।

श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव (मधेपुरा) . उपाध्यक्ष महोदय, रेल मंत्री माननीय श्री कमलापति जी त्रिपाठी द्वारा प्रस्तुत रेलवे बजट का समर्थन करने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं । सबसे पहले मैं उन्हें इस बात के लिये धन्यवाद देना चाहता हूं कि बहुत साल के बाद इस सदन को यह मुनाफे का बजट देखने का मौका मिला है । उन्होंने 9 करोड़ के मुनाफे का बजट सदन में प्रस्तुत किया है । यह उनके अनुभव और चमत्कारिता का द्योतक है। यह भी उनकी सूझबूझ का ही परिचायक है कि उन्होंने यात्री भाड़े में किसी प्रकार की बढ़ोतरी नहीं की है ।

साथ ही साथ यह भी कहा गया है कि 500 किलो मीटर तक जो माल ढोया जायेगा उस पर 5 प्रतिशत और उससे ज्यादा दूरी पर 10 प्रतिशत किराये में बढ़ोतरी की जायेगी । यह बात मेरी समझ में नहीं आती है। रेलवे मंत्रालय की पहले यह पालिसी थी कि अधिक दूरी के लिये माल ले जाने पर कम किराया हो । इससे लोगों को इंसेंटिव होता था, उत्साह होता था, अपना माल रेलों द्वारा दूर ले जाने में । लेकिन उन्होंने अब यह पालिसी क्या बदल दी, यह समझ में नहीं आता है । इससे शायद लोग माल को रेलों में ले जाने के लिये उत्साहित नहीं होंगे और जैसा कि दूसरे मित्रों ने भी कहा है वह सड़क की तरफ जायेंगे । इसलिये मैं आग्रह करूंगा कि इसको फिर से देखें ।

रेल देश का नब्ज होता है और जब यह नब्ज बीमार हो जाता है तो देश भी बीमार हो जाता है । आप जानते हैं कि 1974 में जो स्ट्राइक हुई उसमें कुछ लोगों की साजिश थी कि रेल व्यवस्था को अस्तव्यस्त कर के देश को अस्तव्यस्त करें, देश की इकनामी को बरबाद करें । मैं रेल प्रशासन और मंत्रालय को इस बात के लिये धन्यवाद देना चाहता हूं कि उसने फर्म होकर इस बात को देखा और उसका मुकाबला किया। देश में जो रेलों का जाल बिछा हुआ है, उसमें किसी तरह की कोई गड़बड़ी नहीं है। आप जानते हैं कि रेलवे में 20 लाख कर्मचारी हैं। सारे

[श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव]

कर्मचारी सतुष्ट रहे, यह सबसे बडी बात है। आपको यह देखना होगा कि लेबर पालिसी क्या है। बडी बडी बाते होती रही है कि हिन्दुस्तान मे इटैग्रेटिड पालिसी होनी चाहिए। लेकिन बड़े अफसोस के साथ कहना पडता है कि एमर्जेसी के बाद भी किसी तरह की बात नही हुई। एमर्जेंसी की प्रतिष्ठा को रेल ने आगे बढाया है। जहा जहा एमर्जेंसी की बात होती है तो कहा जाता है कि रेल मे खासतौर पर पक्चुएलिटी आई है।

सन् 1974 मे जो स्ट्राइक हुई उसमे से कुछ सौ लोग ही काम पर वापिस नही आ पाये है। हम आग्रह करना चाहते है कि जिनके खिलाफ सैबोटाज या वायोलैंस के चार्जेज नही है, उनको काम पर लिया जाये। आपने यह भी कहा कि बहुत से लोग कोर्ट मे गये है। आप यह क्यो नही कहते कि बहुत से आफिसर ऐसे है जो कर्मचारियो के खिलाफ प्रैज्यूडीस्ड है, वह नही चाहते कि आज भी उनको सुरक्षा मिले और वह इससे मुक्त हो। जिन्होने एप्लाई किया है या नही किया है, जो सैबोटाज मे इन्वाल्व नही है, जिनके खिलाफ कोर्ट मे केस नही है, उनको काम पर वापिस क्यो नही लिया जाता है ? इस तरह की बात आप सदन मे बखूबी कह सकते हैं। इससे कर्मचारियो मे विश्वास आयेगा कि आप उनके लिए कुछ करना चाहते है। जो कहते है वह करते है।

कई सालो से रेलवे मत्रालय की यह पालिसी रही है कि पिछडे इलाको को आगे ले जाया जाये। लेकिन पिछडे इलाके तभी आगे बढ सकेंगे, जब वहा पर रेलवे लाइने बनेगी। अगर वहा रेलवे लाइने नही बिछाई जायेगी, तो पिछडे इलाके आगे नही बढ सकेगे। मत्री महोदय, उनके सहयोगियो और वरिष्ठ अधिकारियो ने कहा है कि हम पिछडे इलाकों को रेलवे लाइने देना चाहते है, और स्वर्गीय श्री ललित नारायण मिश्र द्वारा जो भी काम शुरू किये गये थे, हम उन को पूरा करेंगे, लेकिन प्लानिग कमीशन हमको पैसा नही देता है। मेरा निवेदन यह है कि मत्री महोदय और उनके अधिकारियो को पहले प्लानिग कमीशन से बात करके इस प्रकार का वायदा करना चाहिए, वर्ना सदन में आश्वासन देने का क्या अर्थ है। उनकी बात की कोई कीमत होनी चाहिए। यह कहना उचित नही है कि हम अपना वायदा पूरा नही कर सकते है, क्योकि प्लानिग कमीशन नही मानता है।

इस लिए मेरा आग्रह है कि नई लाइनो को टेक-अप किया जाये। जिन लाइनो का सरवे हो चुका है और जिन के एस्टीमेट बन चुके है, कम से कम उन को तो अवश्य पूरा करना चाहिए। इस सम्बन्ध मे मैं एक लाइन का जिक्र करना चाहता हू। 1971 मे जब से मैं यहा चुन कर आया हू, तब से-छ बरस से—मै बराबर इस बात को कहता रहा हूं कि दौरम-मधेपुरा से सिहेश्वर रेलवे लाइन को पूरा किया जाये। उस की लम्बाई केवल पाच मील है। उस का सरवे हो चुका है और एस्टीमेट बन चुका है। लेकिन फिर भी इस रेलवे लाइन को बजट मे सम्मिलित नही किया गया है। सिहेश्वर मे एशिया का सब से बडा कैटल फेयर लगता है और वह हाथियो का सब से बडा मार्केट है। मेरा आग्रह है कि उस रेलवे लाइन को पूरा करने का प्रयास किया जाये।

बहुत दिनो से यह पालिसी चल रही है कि देश भर मे एक तरह की लाइन अर्थात् बडी लाइन हो। आप जानते हैं कि बरौनी से कटिहार तक मीटरगेज लाइन है, जब कि बरौनी से दिल्ली तक बडी लाइन है और दूसरी तरफ कटिहार से बंगईगाव

तक भी बड़ी लाइन है। इस सदन मे भी यह कहा गया है कि बरौनी-कटिहार रेलवे लाइन का कनवर्शन किया जा रहा है। लेकिन इस बजट मे उस का कोई जिक्र नही है। मेरा आग्रह है कि मंत्री महोदय उस की तरफ ध्यान दे।

सरकार की प्रोमोशन की पालिसी एक होनी चाहिए। मे रेलवे फील्ड मे काम करता हू और मुझे जानकारी मिली है कि सी० आर० के आधार पर प्रोमोशन किया जाता है। सी० आर० लिखने वाला अपने सम्बन्धित व्यक्ति का सी० आर० अच्छा लिखेगा और जो उस से सम्बन्धित नही है उस का सी० आर० अच्छा नही लिखेगा। मेरा आग्रह है कि आबजेक्टिव परफार्मेन्स के आधार पर प्रोमोशन दिया जाये। जो वास्तव मे अच्छा काम करता है, उसी का प्रोमोशन दिया जायें।

तृतीय वेतन आयोग की रिपोर्ट के परिणामस्वरूप कुछ एनामेलीज पैदा हुई थी। उन पर विचार करने के लिए एक एनामेलीज कमेटी बनाई गई है, जिस के द्वारा डिफरेंट कटेगरीज की एनामेलीज को देखा गया है। दो साल हो गये है, लेकिन अभी तक इस बारे मे कोई फैसला नही हो पाया है। मेरा आग्रह है कि एनामेलीज कमेटी के डिसिजन पर सरकार कार्यवाही करे।

SHRI PAOKAI HAOKIP (Outer Manipur) Mr Deputy Speaker, Sir, I also rise with a sense of satisfaction over the budget of 1976-77 as presented by the hon Minister, Shri Kamalapati Tripathi Sir, many Hon Members have spoken on the budget and congratulated the Minister over the performance of the Railways The reason is not far to find It is due to the ability of the Minister and great co-operation of the workers of the Railways and also due to the impact of the Emergency that the performance of the Railways was satisfactory. This is the first occasion for the Indian people to be happy because it is for the first time that the railway fare has not been increased As a matter of fact, before the presentation of the budget, the Indian people were panicky that the railway fare will be increased as it was done in the past But actually when the budget was presented, it was quite contrary to the expectations of the people

The Minister said with great regret in his speech that he has not been able to include the construction of new lines in connecting the hills I also come from the north eastern region as you do This region has many things to offer for the development of the country but it has not been possible due to lack of transport and communication facilities Railways are the only biggest possible method to transport goods and passengers In the absence of railway lines it is unthinkable to bring together the people living in different parts of the country. Railways are the most important means to fulfil our aspiration that the whole country should be integrated. This cannot be done by air services. The Minister has mentioned in his speech and we have ourselves seen that whether it is in the field of industry or railways or any other areas, the concentration has been only confined to certain developed areas and metropolitan cities to the exclusion of other parts While the progress in construction of railway lines is being made in some parts in some other parts there is retrogression The Minister has to pay greater attention to this matter than he has done so far

So far as the Manipur—Mizoram region is concerned there has been a demand for the construction of a railway line from Silchar to Jiribam, a distance of 50 30 K M according to the survey If this is constructed, the whole area will be quickly developed, but this proposal has not been included in this budget But I still have hope The Minister has himself said that in spite of the additional increase of Rs 318 million he has not been able to include many

[Shri Paokai Haokip]

new lines. But the Minister has given us hopes that he will continue to endeavour, through the Finance Ministry and the Planning Commission, to get more money, so that we may be able to get more of new lines. With these few words, I support the Budget.

*SHRI KRISHNA CHANDRA HALDER (Ausgram): Mr. Deputy Speaker, Sir, the time at my disposal being short, I would like to confine myself to matters which are affecting the people of my constituency and my State in particular. Before coming to this, I think I must make it clear that even though the present Rail Budget is being described as non-inflationary yet I feel that there are certain provisions which may in the ultimate analysis raise the prices of goods. An increase of 5 per cent up to 500 K.Ms and 10 per cent beyond this distance has been imposed. There are many essential commodities which will be carried by the railways beyond this 500 K.Ms. and as a result of the increase in the freight rate the ultimate price of these commodities is bound to be affected adversely. To mention one, petroleum will be carried end I am afraid it may lead to an increase in the price of kerosene also.

I have spoken earlier also that because of its strategic position, the terminal facilities at Howrah needs to be improved vastly if we want to achieve good results in quick transportation by the railways. Howrah is the nerve centre where the eastern and south-eastern railways terminate. Apart from this, it is also the clearing house of a major part of the country's export. The hon. Minister in his railway budget has claimed that during 1976-77, the passenger traffic will increase by 5 per cent and the goods traffic will reach 225 millions mark. Keeping all these in view, it is very essential that the entire terminal facilities available in Howrah is examined and suitable steps taken to improve so that it is able to meet the growing need of passenger and goods traffic that emanate and terminate at this point. Not only this, Sir, I would once again reiterate and demand that terminal facilities at Burdwan and Asansol should also be improved. These are the points from where the bulk of the mineral goods lying in the hinter land pass and lack of haulage facilities make such passage uneven and unsmooth. If better facilities are created at these two points I am quite sure that they will not only speed up the transportation of goods but it may also lead to a reduction in the cost of transportation. Along with this it is very essential also that the Burdwan Asansol link is declared a suburban section. I would like to emphasise particularly the grievances of the railway passengers who travel in this section. Previously, the monthly ticket holders of Burdwan-Howrah suburban section enjoyed the privilege of a break journey and they could also travel by express trains like Coalfield Express, Block Diamond Express, Lucknow Express, Mithila Express. Unfortunately, this facility which the passengers were enjoying for a very long time is being withdrawn. I have met the railway Minister and have passed on the representations of the passengers and I would request that the daily passengers should not be denied the facility which they are enjoying for a very long time. It would be very hard on them and I hope that the matter will receive sympathetic consideration and those privileges should be restored.

I would also take this opportunity to request the hon. Minister that the rail link between Burdwan-Sahab Ganj-Kiul be doubled. This is the section which surves Shantiniketan and because of its location, a good number of tourists both Indian and foreign visit this place. The present facilities are hardly adequate and the requirements can be fully met if the rail line I have mentioned above is doubled. The railway amenities and facilities available between Burdwan-Katoah and Amedpur-Katoah are shockingly poor. Even under the present conditions these sections continue to remain

neglected and there is hardly any one who can pay a surprise check to see that at least the basic minimum amenities that are available to railway passengers in other parts of the country are not denied to them. To cite one example, on 11-3-1976 I was travelling from Katoah to Burdwan by 5 45 p.m. train. There was no light in the train and on making inquiries I was told that there was no battery and hence no light This is just one example how the passengers are being treated in these sections. On the one hand, the Government have claimed that the sale of tickets have gone up from 40 per cent to 50 per cent which means an increase in rail revenue but on the other hand we find that adequate steps have not been taken to increase the travelling facilities for passengers, and even the existing facilities are being denied There is also scope for introducing a double track between Bandal-Ajim Ganj-Barwharah The traffic on this line is very heavy. Kamrup Express, New Jalpaiguri Express and Janta Express from Howrah to Assam pass by this route A double track will greatly help the mobility of passengers and goods through these sections There is also a lot of scope for effecting improvement in the Bankura-Damodar line Previously, the private rail company had been operating this line for profit motive but I think this outlook has to change and the present line has to be improved greatly so far as railway services are concerned. Sir, you are aware of the fact that Haldia is being developed as a major port for handling coal Recent survey has also revealed that the area adjoining the Mejia police station in district Bankura has a rich deposit of coal. I would therefore urge that Haldia-Bankura-Mejia-Raniganj be connected by a rail link. This will connect Haldia port with coal belt of Raniganj, Asansol, Dhanbad and steel industry of Durgapur directly. For this it is necessary to have a road cum rail bridge on Damodar river. This will minimise the distance also and will help industrialisation of backward district Bankura. I will speak on two more points and conclude.

Sir, mobile catering staff of 81 Up, 82 Dn. and 103 Up and 104 Dn and Kalka Mail and other trains of E.R. are in great difficulty. These low paid staff used to get a 17 per cent commission on their sale but this is being reduced to 10 per cent. These persons have protested against it because this will make a big cut in their earnings and for the last 2/3 months they are getting nothing. I would request the hon Minister that he may kindly look into this matter and kindly ensure that the earlier rate of commission of 17 per cent is allowed to them They may also be absorbed as a permanent staff in the railways. And finally Sir, a word about the retrenched employees. Nearly one thousand railway employees belonging to the eastern, south-eastern, and north-east frontier railways are still out of employment. They were retrenched for their participation in the railway strike I would fervently request the hon Minister to consider their case and absorb them as early as possible With this I end my speech.

श्री सी० डी० गौतम (बालाघाट) उपाध्यक्ष महोदय, सब से पहले तो मैं आप को धन्यवाद देना हू, आप ने मुझे बोलने का मौका दिया और वह भी बैठ कर। दूसरा धन्यवाद मैं मन्त्री महोदय, रेल मन्त्रालय तथा रेलवे बोर्ड को देना चाहता हू जिन्होंने इतना सन्तुलित बजट प्रस्तुत किया, क्योंकि कई वर्षों मे हम देख रहे हैं इतना अच्छा बजट देखने मे नही आया।

रेल मंत्रालय तथा रेलवे-बोर्ड की नीति है कि जो देश के पिछड़े इलाके है, जो जंगलों मे ढंके हुए है, सब से पहले उन का विकास किया जाय, उन मे रेल-लाइने बिछाई जाय। इसी सम्बन्ध मे मैं आप का ध्यान मध्य प्रदेश के बस्तर जिले की ओर दिलाना चाहता हू जो एक बहुत बडा, क्षेत्रफल मे एक प्रान्त के बराबर, जिला है, वहा पर कोई रेल नही है। यह सारा जिला आदिवासियो से बसा हुआ

[श्री सी० डी० गौतम]

है। इस लिये इस क्षेत्र मे रेलवे लाइन का बिछाया जाना बहुत जरूरी है। इस लाइन को रायपुर से जगदलपुर तथा बैलाडिला तक जो एक बहुत बडी आयरन-ओर माइन है, वहा तक चलाना उचित है। यदि रायपुर से न चलाना चाहे तो राजहरा से जगदलपुर होते हुए बैलाडिला तक चलाया जा सकता है—इस तरह से यह एक दूसरी लाइन निकल सकती है। दूसरे क्षेत्रो मे यदि डबल लाइन न डाली जाय तो उस मे ज्यादा नुकसान नही होगा, लेकिन बस्तर मे लाइन अवश्य पडनी चाहिए चाहे सिगल लाइन हो। वहा का जंगल इतना बहुमूल्य है कि अगर वहा पर रेलवे लाइन बिछा दी जाय तो इस से काफी सामान भेजा जा सकता है। इस समय वहा कोई बाहरवाला बसना नही चाहता, रेलवे लाइन बिछ जाय तो लोग वहा भूमि को जोत सकेंगे, वहा बस सकेंगे और व्यापार का केन्द्र बन सकता है। आने-जाने की सुविधा न होने से तथा रायपुर और बैलाडिला मे 280 मील का अन्तर होने से वहा कोई जाना नही चाहता। मैं उम्मीद करता हू—मत्री महोदय इस तरफ ध्यान देंगे।

उपाध्यक्ष महोदय मेरा अपना जिला बालाघाट है, यह क्षेत्र भी जगलो मे ढका हुआ तथा पिछडा हुआ है। पैसे की कमी के कारण अभी इस क्षेत्र के बारे मे गौर नही किया जा सकता, इस लिए जब भी सम्भव हो इस विकास की तरफ भी गौर करने की कृपा करें। लेकिन एक बात जरूर कहना चाहता हू—यहा पर एक मलन्दखण्ड नाम से कापर की बहुत बडी माइन निकली है, जिस का कापर हिन्दुस्तान में सब से बढिया क्वालिटी का कापर है। मलेन खड मे हिन्दुस्तान की ताबे की सबसे बडी माईन है। वहा पर बहुत ज्यादा आदिवासी बसे हुए हैं और अगर वहा से बालाघाट को रेल से जोड दिया जाए, तो लोगों को बहुत फायदा होगा। इस के बारे मे मंत्री महोदय ख्याल करें।

दूसरी बात यह है कि कटंगी से तिरोडी तक 7, 8 मील का एक छोटा सा टुकडा है जहा पर रेलवे लाइन नही है। वहा पर मेगनीज का बहुत बडा भडार है। रेलवे लाइन न होने के कारण वहा से ट्रक द्वारा माल भेजा जाता है और बाकी माल रेलवे से जाता है। अगर इस छोटे से टुकडे पर रेलवे लाइन हो जाए, तो आवागमन मे बहुत सुविधा होगी और वहा पर माल के अलावा पैसेंजर लोगो को बहुत फायदा होगा।

तीसरी बात मुझे यह कहनी है कि जबलपुर से गोंडिया तक नेरो गेज लाइन है और इलाहाबाद से जबलपुर तक ब्राड गेज है। यह करीब 142 मील का टुकडा है और अगर इस को ब्रोड गेज मे बदल दिया जाए, तो काफी फायदा होगा। आप लोगो की स्कीम है कि एनप्रकानामिक लाइनें जो है उन को ब्रोड गेज में परिवर्तित करा जाएगा और अगर ऐसा किया जाता है तो लोगो को बहुत लाभ होगा। इस के बारे मे आप कृपा करके ख्याल करें। यह लाइन दोनो तरफ जगलो से ढकी हुई है और वहा पर अगर यह ब्रोड गेज हो जाता है तो लोगो को बहुत फायदा होगा।

आखरी बात मै यह कहना चाहता हू कि साऊथ ईस्टर्न रेलवे मध्य प्रदेश मे सब से लम्बी है और रेलवे लोक सेवा आयोग का दफ्तर कलकत्ता मे है जो कि एक कोने में है। अगर रायपुर या बिलासपुर मे इस की एक शाखा हो तो लोगो को बहुत फायदा होगा और सुविधा होगी। इस वक्त तो इधर के लोग उधर नही जा सकते हैं और वहा उन को बुलाया नही जाता

है। इसलिए लोकल लोगों को फ़ायदा देने के लिए इस आयोग की एक ब्रांच रायपुर या बिलासपुर में हो, तो बड़ी कृपा होगी।

SHRI SYED AHMED AGA (Baramulla): Mr. Deputy-Speaker, Sir, thanks to the emergency that the Railways in India are functioning efficiently. The trains are running in time. Some amount of discipline is also there. But, at the same time, I would say that some amenities for the Second-Class Passengers should be there, because 87 per cent of the passengers travel by Second-Class. Some safety measures which are still not there should be there. It was a happy surprise to note that there is no increase in the passengers fares. That is a pleasant surprise to me. I am very grateful for that. But, at the same time, there is a little increase in the freight. For that, they have exempted the essential commodities, but they have not exempted the kerosene oil which is required and needed by the rural people. As far as kerosene oil is concerned, they use it for light because there is no electricity in rural areas. So, I would recommend that kerosene oil should also be included in the articles that come under that category.

If you see the map of Railways, you will find that Britishers were influenced by two considerations. One consideration was trade because they wanted to sell their goods here and they had concentrated their attention to Madras, Bombay, Lahore, Calcutta and Delhi. It was in this complex that they wanted to build railways because they wanted to sell the goods that they were producing in Britain. The other consideration was the defence requirements.

Our approach is entirely different. Our approach is that we want to develop the backward regions. If backward regions are to be developed, we must have railways in the backward regions. We are still thinking of Bombay, Calcutta, Delhi, Madras and these areas.

Now, I belong to an area which is very backward, which is isolated and which is cut off from the rest of the country. There was a little rain yesterday. The air service was suspended and the road was blocked. Those people get isolated. They cannot develop unless there is a proper rail link with the rest of the country. For the last 25 years, the only industry that the public sector has built up there is the HMT factory, a watch factory Certainly, it does not mean development.

People there work only for five or six months in a year. For the rest of the period, they just sit idle because of the cold weather and because they do not have any work to do. Some time ago, we used to have blanket-making industry in Kashmir, in Kistwar, Bhadarwa and all that. They do not have any wool now.

No attention is being paid so far as the development of that backward region is concerned. It is not possible to develop it unless we have railways there. I cannot understand why we cannot have railways there. Some time ago, I read a report which is lying in the Kashmir Archives. It was written by a Britisher when the Britishers feared that the Czar was coming to India. There are three or four reports, I have read all of them. One report which appealed to me was the report written by Lord Bourbell in which he had said that the railway link was not possible from Rawalpindi side because those mountains were not fit for tunnels, etc. But he said that it was possible to connect valley with Jammu via Reasi. At that time, he said that the only difficulty was a tunnel of eight miles. But even at that time, he said that with the advance in scientific knowledge, it was possible to build a tunnel of eight miles. I do not understand the difficulty of building a tunnel of eight miles now when we can go to the moon. I do not understand why it cannot be done now....

AN HON. MEMBER: Specially when Mr. Qureshi is there.

SHRI SYED AHMED AGA: More particularly so. Perhaps, he may be feeling a bit hesitant to talk about his own State. I would like to submit to him also that we have to do something for Kashmir. We cannot break their isolationist attitude, we cannot prevent them to think in terms of isolation and separatist ideas, unless we build railways there and have a proper railway link with them. The railway link is a must. We should build railways there if we want to develop that backward State.

I would like to mention one thing more. Everything that we sent out is by the road transport and that adds to cost We cannot send fruits; we cannot sell them. Himachal Pradesh fruits sell better. Our fruits rot there. More than half the quantity that we produce cannot be sold because it cannot come here in time. Even through there is a demand for it, we cannot sell it here. There are so many other difficulties also. I do not want to mention all of them This is the main thing.

I would, therefore, request the Ministry of Railways to pay attention to these things. Even if they reject my demand, let them at least read the report which is lying in the Kashmir Archives. If the State cannot build railways, the report has no meaning there. It is the Centre that has to build the railways. The report should be here.

I also want to submit that the railway link to Jammu is very near the border. Some time ago, there was a suggestion that we should have the railway link via Dhar Udhampur route also so that it is away from the border and it does not go very near the border. I do not understand why they have abandoned that proposal. Apart from the defence point of view, it would at least cut road a distance of 40 miles to Kashmir.

Then, I would say that now that the Salal Hydel Project has come up, which is a big project—and we have hopes in it—and with the electric locomotives being built we should also, in the meantime, build railways in the Kashmir valley. Let them build electric locomotives and electric trains within the valley; that would be less costly. Instead of having to carry petrol and diesel from here to Kashmir in order to use it there, why can't they build electric trains there and save petrol?

Then, I would like to mention another thing. The Railways have a huge team of apprentices, but I see that Kashmir has been given absolutely no representation. I would submit, and very strongly, that Kashmiris must have employment in the Railways and the P&T because, when a Kashmiri gets a job in the Administrative Services, he just shuttles between Delhi and Kashmir. He puts in two years of service here and goes back again to Kashmir; he is again brought here and just after a year, he runs back. So, he must be given employment in the Railways so that he goes to all corners of India and not only up to Delhi. I would submit that the Government should give proper attention to this aspect

I would also submit that the apprentices should be brought in from rural areas and not only from the cities of Jammu and Kashmir They should be brought from the rural areas and especially, those belonging to the backward classes should be brought in.

Thank you for having given me an opportunity.

श्री यमुना प्रसाद मंडल (समस्तीपुर) · उपाध्यक्ष महोदय, एक आदर्श बजट प्रस्तुत करने के लिए हिन्दुस्तान के एक विद्वान मंत्री को सारा देश बधाई देता है और उसमें मैं भी शामिल हो रहा हूं।

हम लोगों की एक प्रार्थना रही है और रेल मंत्रालय ने उस ओर ध्यान भी दिया है और कहा है कि समस्तीपुर को शहीद ललित नारायण मिश्र के नाम पर ललित नारायण पुरी रखने का पूरा विचार हो रहा है। मैं समझता हू कि हमारे विद्वान मंत्री महोदय उस ओर ध्यान देंगे।

उत्तर बिहार के बैकवर्ड एरियें मे उन्होने काफी काम कराया है और हम लोग उनके प्रति कृतज्ञ है, मगर जो भी थोडा बहुत कार्य बचा है, उसको भी वह तेजी मे आगे बढायेंगे। जैसा कि अभी श्री राजेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि एशिया का एक बहुत बडा स्थान है सिंहेश्वर, जो केवल 6 किलो मीटर की दूरी पर है, जो मधेपुर से पूर्वोत्तर रेलवे मे है, उस ओर काफी ध्यान दिया जायेगा। इससे रेल की आमदनी बढेगी।

मै विद्वान मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहता हू कि समस्तीपुर में करीब 18 हजार से अधिक रेलवे कर्मचारी रहते है। बरसात के दिनों में और बूढ़ी गडक नदी की बाढ मे उनकी हालत नारकीय हो जाती है। न जाने उनके घरों में क्या क्या घुस जाता है जिससे रेलवे कर्मचारियों का स्वास्थ्य खराब हो जाता है। 50 हजार रुपया वहा के लिए हम थोडा समझते है। यह डिवीजनल हैडक्वार्टर मे है इसलिए मैं समझता हू कि इस ओर ध्यान देना हमारे रेल मंत्री जी और उनके मंत्रालय के लिए कोई बडी बात नही है।

एक छोटी-सी और बात मैं बहुत दिनों से कहता आया हू कि केन्द्रीय विद्यालय सगठन तैयार है, रेल मत्रालय भी तैयार है कि वहा पर रेल कर्मचारियो के लिए ही नही बल्कि और भी जितने केन्द्र के कर्मचारी वहां हैं, उनके बच्चो के लिए केन्द्र की ओर से एक विद्यालय खोला जाये।

जैसा रेल मंत्री महोदय ने हम लोगों को आश्वासन दिया है, हम समझते हैं कि उसे पूरा किया जायेगा। ऐसे मौकों पर अगर जोनल मीटिंग्स एम० पीज् के साथ की जातीं तो हम लोगों के बहुत से प्रश्न सामने आते और उनका समाधान भी होता। मैं समझता हूं कि जैसे पहले परिपाटी चली आ रही थी, उसी परिपाटी को फिर दोहराया जायेगा, जिससे काम करने और समझाने में बहुत सहूलियत होगी।

रैलवेज की यह नीति रही है कि पिछड़े इलाके के लोगों को काफी सुविधा दी जाये। यद्यपि इस दिशा मे काम भी हुआ है, लेकिन मैं समझता हूं कि उस से और ज्यादा तेज़ी लाने की जरूरत है।

प्रशासन ने रेल-भक्ति के नाम पर रेलवे कर्मचारियों के बच्चों को अपने यहा नौकरी देने का निश्चय किया, जिस का सारे देश ने स्वागत किया है। लेकिन कुछ अफसरान ने इन नियुक्तियों को आपस में ही बाट लिया और ऐसे लोगों के बच्चों को नौकरी दी, जिन्होंने स्ट्राइक का नोटिस दिया था और जो यह सुविधा प्राप्त करने के अधिकारी नही थे। जो बेचारे हकदार थे, जिन्हें लायल्टी का सच्चा खिताब और इनाम मिलना चाहिए था, उन्हें कुछ न दिया गया। मुझे इस बारे में अपने क्षेत्र की इनफार्मेशन है। मैं समझता हूं कि इस विषय मे फिर जांच की जायेगी और जो लोग नौकरी पाने के अधिकारी है, उन के साथ न्याय किया जायेगा।

दरभंगा पूर्वोत्तर रैलवे का प्रधान नगर है। वहां दो यूनिवर्सिटियां हैं और वह डिविझनल हैडक्वार्टर है। समस्तीपुर से दरभंगा तक की 30 किलोमीटर रैलवे लाइन को ब्राड गेज में परिवर्तित करने का प्रयास कई सालों से चल रहा है, मगर

[श्री यमुना प्रसाद मंडल]

समझ में नहीं आता है कि उस में ढिलाई क्यों हो रही है। गत साल उस पर चार करोड़ रुपये खर्च किये गये थे। इस साल भी शायद उस के नाम पर कुछ रकम खर्च की जायेगी इस तरह साल-ब-साल सरवे के नाम पर करोडों रुपये खर्च करने से अच्छा होता कि दो या पांच या दस किलोमिटर उत्तर की ओर बढ़ते। कई कारणों से हमारे लिए उत्तर की ओर बढ़ना बहुत जरूरी है। लेकिन इतने कम समय में मैं उन कारणों में नही आना चाहता हूं।

सगयगढ़ से डगमारा तक एक छोटा सा गैप है, जिस का रेस्टोरेशन किया जाना चाहिए। बीच में कोसी नदी है। अगर ऐसा नहीं किया जा सकता है तो राघोपुर से लोकही बाजार होते हुए लौकहा तक लाइन बना दी जाये। इस से खर्च बहुत कम हो सकता है। वहां पर वाटर लाग्ड एरिया है और सरकार को वहां काफ़ी खर्च करना पडेगा। दूसरे भी उपाय निकाले जा सकते है। टेकनालोजी और साइंस के इस युग में उस नदी के बीच में केलेडोनियन केनाल की तरह की एक कैनाल बनाई जा सकती है, जिस से छोटे स्टीमरों के द्वारा रेल को आरपार मिलाया जा सकता है। मैं चाहता हूं कि मंत्री महोदय इस को भी ध्यान में रखे।

गत दो साल से बूढ़ी गंडक की बाढ़ का प्रकोप बहुत भयंकर ढंग से हो रहा है। रेलवे प्रशासन उस तरफ बिल्कुल उदासीन है। जिस तरह रेलवे प्रशासन ने सी० पी० डब्ल्यू० डी० और अन्य लोगों का सहयोग ले कर मानसी जंक्शन को बचाने के लिए कार्य किया, उसी तरह उस को समस्तीपुर जंक्शन की तरफ़ भी ध्यान देना चाहिए। समस्तीपुर पूर्वोत्तर रेलवे का डिविजनल हैडक्वार्टर है और उत्तर बिहार की लाइफ़ लाइन है। बूढ़ी गंडक के पानी का बहाव समस्तीपुर नगर को बहुत नुकसान पहुंचाता है। इस लिए यह आवश्यक है कि उस की तरफ़ ध्यान दिया जाये। रेलवे विभाग को बिहार सरकार के वाटरवेज विभाग की भी मदद करनी चाहिए, जिस से हमारी करोड़ों रुपये की सम्पत्ति खतरे से बाहर रह सके।

*SHRI E. R. KRISHNAN (Salem): Hon. Mr. Deputy Speaker, Sir, on behalf of my party, the Anna Dravida Munnetra Kazhagam, I rise to express my views, on the Budget Estimates of the Indian Railways for the year 1976-77. I pay my humble compliments to the hon Railway Minister for having formulated the Budget Estimates of the Railways for the year 1976-77 in a very competent manner, bearing in mind the Emergency in the country and the critical situation the country is passing through I have to pay my tributes to the Railway Minister for not taking recourse to raise the passenger fare. Sir, it is a matter of great satisfaction that during the past few months the trains are running on time.

Sir, the loss during this year has been estimated to be of the order of Rs. 78 crores. There is the proposal in the Budget Estimates to raise a revenue of Rs. 88 crores by increasing the freight rates. Sir, this loss of Rs. 78 crores could also have been avoided by the Railways if the Railway Administration had adopted two measures. One was to minimise the amount of compensation being paid to the customers for the loss of goods in transit. That meant tightening the security steps for preventing the theft of goods from the goods wagons. Secondly, if the Railway plans and programmes had been implemented according to the envisaged time schedule, this loss could have been minimised. I am sure that the Railway

*The original speech was delivered in Tamil.

Ministry will bear in mind my suggestions so that these steps can be taken for avoiding such losses in future.

On account of paucity of time, I would not go into details of many issues that I want to raise, but I would refer to only one or two issues in brief. The railway line between Villupuram and Tiruchirappali should be electrified for speedy transport. The line between Madras Central and Jalarpet should be electrified. Sir, the work on the Madras Tube Railway system should be expedited. Karur-Dindigul line should be converted into a broad gauge line. The Railway Board has approved the railway line from Salem Junction to Salem Steel Plant, a distance of 13 kilometres only. The required land has also been acquired, but the actual work has not yet started. I request the hon. Minister of Railways to expedite the work on the proposed line from Salem Junction to Salem Steel Plant, a distance of 13 Kms. only.

The Grand Trunk Express between New Delhi and Madras takes a running time of 39 hours. I feel that this running time can be reduced by 4 hours at least I request that the hon. Minister of Railways should take immediate steps for ensuring that the GT Express between New Delhi and Madras takes at the maximum 35 hours only as running time

Sir, when we find that the prices are declining all around, it is strange that the prices of foodstuffs in the Railway Canteens have not shown any declining trend. I request the hon. Minister of Railways to take immediate steps for bringing down the prices of foodstuffs in the Railway Canteens.

With these few words, I conclude my speech.

श्री मुहम्मद जमीलुर्रहमान (किशनगंज) : मोहतरिम डिप्टी स्पीकर साहब, रेलवे बजट जिस अन्दाज से पेश किया गया है इस को मैं खुशामदीद कहता हूं। हालांकि 1974 की स्ट्राइक में जो कि मोटिवेटेड और गलत थी उसमें सिर्फ 70 करोड़ का नुकसान मुल्क और कौम को हुआ है जो कि हमारे अपोजीशन भाइयों की मेहरबानी है। अर्ज यह है कि ऐसी हालत में मिनिस्ट्री को जितनी भी मुबारकबाद दी जाय वह कम होगी। मुझे चन्द बातें कहनी हैं जो मैं एक नुमाइन्दे की हैसियत से कह देना जरूरी समझता हूं। जम्हूरियत की यह खूबी है कि ऐवान के अन्दर नुमाइन्दा अपनी सही और एवाम की राय रखे। पहली बात मैं आप से अर्ज करूंगा कि जो रेलवे का ऐक्ट है वह इस कदर पुराना फरसुदा है कि जिस का जवाब नहीं। सन् 1971 के बाद इस दौर में आज तक कितने ही कानून अवाम के मफाद के लिए बन चुके, कितने ही अमेंडमेंट्स लाए गए जिन से अवाम को बहुत फायदा हुआ है। अगर किसी ऐक्ट मे कोई अमेंडमेंट नहीं लाया गया तो वह रेलवे का मौजूदा ऐक्ट है। जैसी कि मेरी बात मनी जो से हुई है उन्होंने माना है कि रेलवे ऐक्ट में अमेंडमेंट की सख्त जरूरत है। इसलिए इस में फौरन अमेंडमेंट लाया जाय जो कि अवामी हो, पीपल के लिए हो और पीपल और कौम की मंशा को सर्व करता हो। मुझे उम्मीद है कि इसी सेशन मे उस के अमेंडमेंट का बिल लाया जायगा।

रेलवे के पास तीन बड़े बड़े कारखाने हैं। एक डी एल० डब्ल्यू वाराणसी है, एक जमालपुर का और एक चितरंजन का है। जहां तक वाराणसी का सवाल है वह बहुत मुबारिक मुकाम है, इस में कोई शुबहा नहीं है। लेकिन डी० एल० डब्ल्यू० में जितनी गड़बड़ी है वह कोई

[श्री मुहम्मद जमीलुर्रहमान]

अच्छी बात नजर नहीं आती। मैं अर्ज करूं कि इस में निपोटिज्म और करप्शन का बिलकुल बोलबाला है। किसी से भी यह बात छिपी नहीं है। पिछली बार रेलवे बजट की स्पीच में मैंने इस बात की तरफ ध्यान दिलाया था लेकिन वह अनसुनी कर दी गई। आप रेकार्ड मंगा कर देखें, जितनी उस की कैपेसिटी है डी० एल० डब्ल्यू० वाराणसी की, उस से बहुत कम उत्पादन हो रहा है। इस से कौमी एक्स-चेकर को कितना नुकसान हो रहा है यह देखने की बात है। मेरा यह इशारा उत्पादन की तरफ था। अब आप एडमिनिस्ट्रेशन की तरफ आइए। पिछली बार मैंने अर्ज किया था कि डी० एल० डब्ल्यू० में एक ऐडीशनल सी० एम० ई० हैं और दूसरे साहब डिप्टी सी० एम० ई० (वेहिकिल्स) हैं जिन के मुताल्लिक मुझे बहुत सी ही गहरे सोर्स से पता चला है कि उन का ताल्लुक बैण्ड जमात से था लेकिन अभी वह बडे मुर्खरू बने फिर रहे हैं। ये लोग अपने जाती नफाद के लिए गिरगिट की तरह क्या रंग नहीं बदल सकते हैं ? इन लोगों की वजह से प्रोमोशन के केसेज डी० एल० डब्ल्यू० में रुके पडे हैं। आप वहां के रेकार्ड्स को खुद मंगा कर देखें कि कितनी ज्यादती हमारे वर्कर्स के साथ हो रही है। वहां पर एक ट्रेनिंग स्कूल भी है। उस में दाखिले के मामले में भी काफी बड़ी गड़बड़ी है। हमारे मोहतरिम वजीर ने अपनी बजट तकरीर में पेज 13 पर कहा है कि 20 सूत्री एकोनामिक प्रोग्राम के फुलफिलमेंट के लिए अपरेंटशशिप को डबल कर दिया गया है। 6 हजार से 12 हजार कर दिया गया है। पर देखना यह है कि अकलियत, आदिवासी, क्रिश्चियंस, हरिजन्स की कितनी उस में बहाली हुई है। कितने लोगों को आप ने ट्रेनिंग दी है ? जब रिकार्ड मंगा कर देखेंगे तो उसमें आप को बड़ी नाउम्मीदी होगी। फिर हो क्या ? गरीब हरिजन आदिवासी मुसलमान क्रिश्चियन कहां जायें ? हाउस में एक आश्वासन मिलता है। बजट स्पीच में एक आश्वासन मिलता है। लेकिन उस पर अमल कहां तक हो पा रहा है ? इसलिए मेरा सुझाव है कि एक हाई पावर कमीशन अपने मातहत बनायें जो इस बात को देखें कि इन लोगों की बहाली कितनी कितनी हो पाई है ? मैं यह समझता हूं कि यह एक कांस्पिरेसी है क्योंकि ये सारे लोग, आदिवासी हरिजन, मुसलमान और क्रिश्चियन जो एकदम एनब्लाक हमारी पार्टी के साथ है इसलिए उन को साजिश कर के इस पार्टी से अलग कर दया जाय। इसलिए मेरी अर्ज है कि ऐसे अफसरान जो इस किस्म की हरकत करते है उन का कम्पलसरी रिटायरमेंट होना बिल्कुल लाजिमी और जरूरी है।

मैं आप से अर्ज कर रहा था कि जितने एश्योरेंस हाउस मे दिए गए हैं उन को पूरा किया जाना चाहिए। चित्तरंजन और जमालपुर का भी यही हाल है। आप लिस्ट मंगा कर देखें तो आप को जाहिर होगा कि चार पांच साल में जो बहाली हुई है उस में कितना गोलमाल निपोटिज्म और फवरिटिज्म हुआ है। सब से बडी बात यह है कि स्पेशल क्लास आफ अपरेंटिशशिप ब्रिटिश लीगसी का बेहतरीन नमूना भारत के अन्दर है। इस में हमारे लायक अफसरों के जितने नाअहल बच्चे हैं उन की भर्त्ती होती है। जो कही कम्पीट नही कर सकते वे उसके अन्दर चले गये और वहां से पढ़ कर आ गए। आ कर के ट्रेनिंग हासिल कर ली और इस तरह अपने वालिद मोहतरिम की कुर्सी पर बैठ गए। वहां की अपरेंटिश की डिग्री के बारे में आप को सुन कर ताज्जुब होगा कि भारत की कोई यूनिवर्सिटी उसे नहीं मान रही है, न उस के सर्टिफिकेट को मान रही है। लेकिन रेलवे के लोग उस को अपने सिर पर बिठाए हुए हैं।

इस मे नुकसान किस का हुआ ? जो बिचारे इजीनियर 18-19-20 वर्ष से रेलवे मे नौकरी कर रहे है व टम्पोरेरी है, परमानेट तो हो नही पाए। लेकिन एसे नाग्रहल लोग है जिन को किसी तरीके से किसी बुनियाद पर अपरेंटिश की ट्रेनिग दिलवा कर क्लास वन अफसर बना दिया जाता है फिर यह स्पेशल का क्या सवाल है ? जम्हूरियत मे स्पेशल और गैर-स्पेशल का क्या सवाल है ? इजीनियर का एक क्लास होना चाहिए।

रनिग केटरिग स्टाफ के जो लोग है जो डीलक्स मे चलते है या फिर किसी और ट्रेन मे उन को सवह अठारह उन्नीस परसेट मिला करता था। लेकिन हावडा डिवीजन के लोग मुझसे मिलने के लिए आए थे ईस्टर्न रेलवे के। उन्होने कहा कि उन को मजबूर किया जा रहा है कि वे दस परसेट ही ले। वह हमारे परमानेट मुलाजिम नही है। वह कमीशन पर है। इस गिरानी के जमाने मे दस परसेट बहुत कम है जब कि दूसरे जोन्स मे सत्रह अठारह उन्नीस परसेट आप दे रहे है। ईस्टर्न रेलवे के हावडा डिवीजन के डी० सी० एस० कैटरिंग इस्पेक्टर सभी गरीब वर्करो को धमकी दे रहे है कि अगर 10 परसेन्ट नही लोगे तो तुम सब को सर्विस से निकाल देगे। एक तरफ तो हम लोग बसाने की बात करते है और दूसरी तरफ डी० सी० एस० और इन्स्पेक्टर उन्हे उजाडने की बात करते हैं। इस तरफ मत्री महोदय को ध्यान देना चाहिए। मैं सुझाव देता हू कि उन्हे कम से कम 16-17 परसेण्ट अवश्य मिलना चाहिए।

